

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 124

ग्वालियर, गुरुवार, 24 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## सोनिया गांधी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षों की बुलाई बैठक

**नई दिल्ली/भोपाल।** कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरूवार को प्रदेश अध्यक्षों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ सोनिया गांधी को प्रदेश संगठन की रिपोर्ट दे सकते हैं। संभावना जताई जा रही है कि कमलनाथ ने संगठन विस्तार का जो खाका तैयार किया है उसे आलाकमान हरी झंडी दे सकता है।

गौरतलब है कि मप्र में संगठन का विस्तार होना है। प्रदेश अध्यक्ष की मंशा है की इस बार विस्तार में युवाओं को अधिक से अधिक पद दिया जाए। गुरूवार की बैठक में कमलनाथ आगामी उपचुनावों को लेकर अपनी रणनीति की भी जानकारी देंगे। प्रदेश अध्यक्षों के साथ ही राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी भी बैठक में शामिल होंगे।



### संगठन विस्तार और चुनावी चर्चा

सूत्रों की मानी जाए तो मप्र को लेकर कमलनाथ संगठन की जानकारी सोनिया गांधी को देंगे। कोविड 19 की स्थिति को लेकर भी कमलनाथ इस बैठक में बता सकते हैं। साथ ही संगठन के प्रमुख पद जो खाली पड़े हुए हैं उन पर नियुक्ति जल्द करने की भी वे बात कर सकते हैं। प्रदेश में महिला कांग्रेस का पद कई दिनों से खाली पड़ा हुआ है। वहीं प्रदेश में उपचुनावों की तैयारियों को लेकर भी बातचीत हो सकती है। प्रदेश में 3 विधानसभा और एक लोकसभा का उपचुनाव होना है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी मुकुल वासनिक भी शामिल होंगे, हालांकि वासनिक कई महीनों से मप्र के दौरे पर नहीं आए हैं।

**आज आलाकमान को कमलनाथ देंगे प्रदेश संगठन की रिपोर्ट**

**संगठन विस्तार को मिल सकती है हरी झंडी**

### संगठन मजबूत करने का रोड मैप

बताया जाता है कि इस बैठक में सोनिया गांधी पूरे प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का रोड मैप तय करेंगी। इसलिए सभी प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्षों के साथ ही राष्ट्रीय महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की यह बड़ी बैठक बुलाई गई है।

### भोपाल में भी बैठक

दिल्ली की बैठक के बाद कमलनाथ भोपाल आएंगे। भोपाल में उनका बैठकों का दौर चलेगा। जिसमें वे प्रदेश संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती को लेकर बातचीत करेंगे।

## सिद्धू को कैप्टन ने बताया सारे फसाद की जड़

### हाईकमान ने दिए बड़े फेरबदल के संकेत

**चंडीगढ़ (ए)।** पंजाब कांग्रेस में अंतर्कलह दूर करने के लिए मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को एक बार फिर से तीन सदस्यी खड़गे पैनल के सामने पेश हो पड़ा। तीन घंटे तक चली इस बैठक में कैप्टन ने पंजाब कांग्रेस में चल रहे विवाद के लिए पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू की बयानबाजी को जिम्मेदार ठहराया। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कैप्टन ने कहा कि सारे फसाद की जड़ सिद्धू ही है। सिद्धू के साथ उन्होंने कई बार मतभेद मिटाने की कोशिश की लेकिन वे खुद ही सारे दरवाजे बंद करने पर आमादा हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कैप्टन ने यह भी कहा कि इन हालात में सिद्धू को कोई भी पद नहीं दिया जा सकता। उधर पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश रावत ने कहा है कि सिद्धू अपने स्टाइल में बैटिंग कर रहे हैं उन्होंने पार्टी के खिलाफ ऐसा कुछ भी नहीं कहा है। रावत ने पंजाब कांग्रेस में बड़े फेरबदल के भी संकेत दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार तीन सदस्यी कमेटी ने सरकार और पार्टी के लिए दिए गए बयान पर भी कड़ा संज्ञान लिया है। कैप्टन ने कहा कि सिद्धू के बयानों से आगामी चुनाव में नुकसान होने की संभावना है। उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी से भी मुलाकात की। बताया जा रहा है कि सिद्धू की बयानबाजी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी नाराज हैं1 उन्होंने पार्टी के नेताओं का हिदायत दी है कि वे इस तरह की बयानबाजी न करें जिससे पार्टी को नुकसान हो। उन्होंने कहा कि यदि किसी को नाराजगी है तो वह अपना पक्ष पंजाब प्रभारी या कांग्रेस हाईकमान के समक्ष रख सकता है। मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, पीपीसीसी प्रधान सुनील जाखड़ और नवजोत सिद्धू को राहुल गांधी से मीटिंग के लिए बुलाया गया है।



## खास खबर

### जम्मू-कश्मीर पर पीएम मोदी की सर्वदलीय बैठक सराहनीय पहल : मायावती



**लखनऊ ए)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू-कश्मीर के संबंध में गुरवार को जम्मू कश्मीर के सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाए जाने की पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि वे सभी उपाय किए जाने चाहिए, जिनसे राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो सके। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा जम्मू-कश्मीर के मामलों पर चर्चा के लिए वहां के 14 नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 जून को बुलाई गई बैठक एक उचित पहल है। उन्होंने कहा कि आशा है कि करीब दो वर्ष के अन्तराल के बाद की जा रही यह बैठक कुछ ठोस फैसलों के साथ सार्थक सिद्ध होगी और जम्मू-कश्मीर राज्य की पुनर्बहाली के लिए भी मददगार साबित होगी। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा सीटों के लिए परिसीमन के काम को तेजी से पूरा किया जाना चाहिए, ताकि वहां राजनीतिक प्रक्रिया शुरू हो सके। केन्द्र सरकार को अपने वादे एवं दावे के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति जल्द बहाल करने के प्रयास तेज करने होंगे।

### अस्पताल में मरीज की आंख में चूहे ने काटा, जांच के आदेश

**मुंबई (ए)।** मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती मरीज की आंख के पास एक चूहे ने काट लिया। बीएमसी द्वारा चलाए जाने वाले रजवाड़ी अस्पताल के अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है। अधिकारियों ने कहा कि चूहे के काटने से हुआ घाव मामूली है और मरीज की आंख प्रभावित नहीं हुई थी। 24 साल के श्रीनिवास येलप्पा की अस्पताल में आंख की सर्जरी हुई थी। उनके रिश्तेदारों ने मीडिया को घटना के बारे में बताया। श्रीनिवास की डॉक्टर विद्या ठाकुर ने कहा कि ऐसा घटना नहीं होनी चाहिए थी। मरीज की चोट सतही है, फिर भी इसे टाला जा सकता था। आंख को कोई खतरा नहीं है लेकिन हमारे अस्पताल में उनको लगी चोट का इलाज किया जा रहा है। डॉ ठाकुर ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन ऐसी घटनाओं से बचने के लिए पूरी सावधानी बरतेगा। उन्होंने कहा ?कि जहां मरीज को रखा गया वह वार्ड भूतल पर है। कई लोग मना करने के बावजूद वहां कचरा फेंक देते हैं जिससे चूहे जैसे जीव आकर्षित हो जाते हैं। येलप्पा की बहन ने बताया ?कि जब मैं अस्पताल में उनसे मिलने गई तो मैंने अपने भाई की बाई आंख में घाव देखी। मैंने अधिकारियों को चोट के बारे में बताया।

### जेबीटी भर्ती घोटाले में चौटाला की सजा पूरी, जल्द होगी जेल से रिहाई

**चंडीगढ़ (ए)।** जेबीटी भर्ती घोटाले में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की सजा पूरी हो गई है। तिहाड़ जेल प्रशासन ने ओम प्रकाश चौटाला के वकील को सजा पूरी होने की जानकारी दे दी है। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद चौटाला जेल से रिहा हो जाएंगे। ज्ञात हो कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला और उनके विधायक बेटे अजय चौटाला को तीन अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ फरवरी 2013 में जाली दस्तावेजों का उपयोग करके राज्य में तीन हजार से अधिक शिक्षकों की अवैध रूप से भर्ती करने के आरोप में सीबीआई की विशेष अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में अजय चौटाला भी सजा काट रहे हैं।

## सीएम योगी के चेहरे पर ही यूपी चुनाव लड़ेगी भाजपा

**लखनऊ (ए)।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष मंगलवार को कैबिनेट मंत्रियों, राष्ट्रीय पदाधिकारियों और पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में साफ संकेत दे गए कि मिशन- 2022 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही भाजपा का चेहरा होंगे। 'सबका साथ-सबका विकास' ही पार्टी की नीति रहेगी और इसी मंत्र के सहारे पार्टी चुनाव में उतरेगी। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन ने जिस तरह योगी सरकार की तारीफ की और बैठक में सरकार और उसकी विकास योजनाओं को आम लोगों तक ले जाने के लिए भी कहा, इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि पार्टी योगी के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगी। बीएल संतोष ने मंत्रियों का आह्वान किया कि सब कुछ सरकार करेगी तो कैसे होगा..? आप लोग भी सक्रिय होकर चुनाव में जुटें और सरकार के काम को जनता के बीच ले जाया जाए। बैठक का लब्बोलुआब यह रहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कामकाज को लेकर ही पार्टी चुनाव में उतरेगी। उन्होंने मंत्रियों का आह्वान किया कि चुनाव से पहले कामकाज का पूरा ब्योरा तैयार करें। उन्होंने लोकसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि जब हम चुनाव में उतरते थे तो कहते थे कि मोदी ने इतना काम किया है कि कोई दिक्कत नहीं होगी। कुछ वैसा ही यूपी में हुआ है। हम कानून-व्यवस्था की बात करते थे, कानून व्यवस्था दुरुस्त है। विकास हुआ है और भ्रष्टाचार कम किया है। बस मंत्रियों को लोगों के बीच इसे सटीक तरीके से ले जाना है।





## यह रेत माफियों की सरकार है: माकपा

**भोपाल)।** कैबिनेट बैठक कर रेत माफियों की चार माह की रोयल्टी का 50 फीसद माफ करने और बाकी का 50 फीसद अगले साल जमा करने के निर्णय से साफ हो गया है कि यह रेत माफियाओं की सरकार है।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी कर कहा है, शिवराज सिंह चौहान सरकार ने यह फैसला उस समय किया है जब कोरोना कर्फ्यू के दौरान सारे बाजार, व्यापार, रोज़गार ठप्प होने के बावजूद बिजली कंपनिया उपभोक्ताओं से मनमाने और जबरिया बिल वसूल रही हैं। फ़र्ज़ी और जबरिया वसूली में उपभोक्ताओं की कुर्की कर रही हैं और राज्य सरकार खामोशी से यह सब देख रही है। जसविंदर सिंह ने कहा है कि सरकार को खरीफ की बोवनी के लिए खाद और बीज के लिये लुटते किसानों का दर्द भी नही दिखा, क्योंकि सरकार की सरकार की प्राथमिकताओं में बिजली उपभोक्ता और किसान नहीं बल्कि रेत और खदान माफिया हैं।



माकपा ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता इससे भी साफ हो जाती है कि कर्ज़ में डूबी प्रदेश सरकार ने हाल ही में 11000 करोड़ का और कर्ज लेने की अनुमति केंद्र से मांगी है, वहीं दूसरी तरफ रेत माफियाओं से मिलने वाली सैंकड़ों करोड़ की रोयल्टी माफ कर दी है।

जसविंदर सिंह ने कहा है कि पिछले डेढ़ दशक से रेत और खनन माफियाओं ने न केवल हमारी नदियों और जमीन को खोखला किया है बल्कि अवैध निकासी को पकड़ने वाले पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर भी जानलेवा हमले किए हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि यह सरकार उन्हीं की सरकार है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सरकार के इस फैसले की निंदा करते हुए इसे वापस लेने की मांग करते हुए जनता से बिजली बिलों की जबरिया वसूली और खाद बीज की कालाबाजारी रोकने की पहल करने की मांग की है.

## एमओयू दोनों देशों के बीच बहुआयामी सहयोग को मजबूत बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगा: मंत्री तोमर

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और फिजी के कृषि मंत्री डॉ. महेंद्र रेड्डी ने एक वर्चुअल बैठक में भारत और फिजी के बीच कृषि एवं सहायक क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। तोमर ने कहा कि भारत का 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना में विश्वास रहा है। भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना महामारी के दौरान भी इसी भावना के साथ सभी देशों की सहायता की। तोमर ने कहा कि पीएम मोदी ने शुरुआत से ही कृषि और गांवों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया। इस दिशा में, देश में 1 लाख करोड़ रु के कृषि अवसंरचना कोष की स्थापना और 10 हजार एफपीओ का निर्माण जैसे कई ठोस कदम उठाए गए हैं। कोरोना महामारी के दौरान किसानों को 2 लाख करोड़ रुपये के कर्ज बांटे गए और इसके परिणाम स्वरूप पहले की तुलना में ज्यादा उत्पादन और आमदनी हुई।





तोमर ने कहा कि भारत और फिजी के बीच सौहार्दपूर्ण व मैत्रीपूर्ण संबंध परस्पर सम्मान, सहयोग और मजबूत सांस्कृतिक व लोगों के बीच संबंधों पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री मोदी की फिजी की ऐतिहासिक यात्रा और भारत प्रशांत द्वीपीय सहयोग के लिए पहले मंच से भारत के फिजी और प्रशांत क्षेत्र से जुड़ाव को एक नया प्रोत्साहन मिला है। यह एमओयू दोनों देशों के बीच बहुआयामी सहयोग को मजबूती देने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। तोमर ने कहा, ÷खाद्य एवं कृषि का जलवायु परिवर्तन के बीच गहरा संबंध है। दोनों देश इस संबंध में वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग कर रहा है। कोरोना महामारी के बावजूद, हमने फिजी के अनुरोध पर यासा चक्रवात से प्रभावित समुदायों की आजीविका बहाल करने के लिए भारत सरकार की तरफ से अनुदान के रूप में फलों और सब्जियों की 14 किस्मों के लगभग 7 टन बीज वितरित किए हैं।

## चीन को डबल झटका अमेजन ने 3 ब्रांड को बैन

**नई दिल्ली (ए)।** तकनीक के क्षेत्र में माहिर चीन को दो तरफ से झटका लगा है। एक तरफ जहां स्वीडन ने पिछले साल अक्टूबर में टेलीकॉम कंपनी हुवावे पर लगे बैन को बरकरार रखा हैं। वहीं दूसरी ओर अब अमेजन ने चीन के तीन ब्रांड्स पर बैन लगा दिया है। चीन को झटका देते हुए स्वीडन ने हुवावे टेक्नोलॉजी पर 5जी उपकरण बेचने के बैन को बरकरार रखा है। बता दें कि पिछले साल सुरक्षा कारणों के मद्देनजर स्वीडन ने हुवेई पर 5जी उपकरणों के बेचने पर बैन लगाया था। जिसे लेकर कंपनी ने अदालत का रूख किया था। इसके अलावा फेक रिव्यूज पर कार्रवाई करते हुए अमेजन ने भी चीन के तीन ब्रैंड पर बैन लगा दिया है। स्वीडन की बात करें तो स्वीडन के पोस्ट एंड टेलीकॉम अथॉरिटी ने देश की खुफिया सर्विसों की सिफारिश पर सुरक्षा चिंताओं की वजह से अक्टूबर में अपने चीनी समकक्ष जेडटीई के साथ कंपनी को नेटवर्क से प्रतिबंधित कर दिया था।

## जम्मू कश्मीर के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने शुरू किया था आंदोलन, पीएम मोदी के दौर पूरा हुआ : नड्डा

**नई दिल्ली (ए)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर पार्टी मुख्यालय से कोविड राहत सामग्री को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के बाद कई कार्यक्रमों की शुरुआत की। उन्होंने कहा टीकाकरण अभियान भी देश में पूरी ताकत के साथ चल रहा है। इस वर्ष के अंत तक 257 करोड़ कोरोना वैक्सीन की डोज बन जाएगी और सभी को डबल डोज देने के लिए भारत तैयार हो जाएगा। जेपी नड्डा ने कहा कि भारत में पहले 600 मीट्रिक टन ऑक्सीजन का उत्पादन होता था, पिछले साल यह 3,000 मीट्रिक टन पहुंचा, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर के बाद एक सप्ताह में 9,000 मीट्रिक टन से अधिक पहुंचा गया। उन्होंने कहा कोरोना की लड़ाई में विपक्षी दल बाधक बन रहे हैं। पहले लॉकडाउन को लेकर राजनीति की, फिर वैक्सीन को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं ने लोगों को भ्रमित करने वाले बयान दिए। कांग्रेस के नेता खुद चुपके-चुपके वैक्सीन लगा रहे हैं। राजस्थान में बड़े पैमाने पर वैक्सीन की बर्बादी होती रही है।



**ऑनलाइन बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन पर फोकस...**

# विजयवर्गीय बोले-अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे उसका हक

### भ्रष्टाचार रोकने आधुनिक तकनीकी का सहारा लेना होगा

**भोपाल।** राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि गरीबों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बांटे जाने वाले राशन का 40 प्रतिशत हिस्सा बिचौलिए खा जाते हैं। यह उनका अपना नहीं बल्कि एक एनजीओ द्वारा तीन राज्यों में किए गए रैंडम सर्वे की रिपोर्ट का तथ्य है। इससे पता चलता है कि कितना भ्रष्टाचार है और इसे रोकने के लिए आधुनिक तकनीकी का सहारा लेना होगा जो करप्शन पर रोक लगाएगी। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार इसके लिए काम कर रही है।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा अन्त्योदय के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कैसे करेंगे? भाजपा इसकी चिंता करते हुए चिंतन बैठक के माध्यम से किए जाने वाले कामों को पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने का काम करेगी। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि गरीबों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बांटे जाने वाले राशन का 40 प्रतिशत हिस्सा बिचौलिये खा जाते हैं। यह उनका अपना नहीं बल्कि एक एनजीओ द्वारा तीन राज्यों में किए गए रैंडम सर्वे की रिपोर्ट का तथ्य है। इससे पता चलता है कि कितना भ्रष्टाचार है और इसे रोकने के लिए आधुनिक तकनीकी का सहारा लेना होगा जो करप्शन पर रोक लगाएगी। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार इसके लिए काम कर रही है।



भाजपा की चिंतन बैठक में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए विजयवर्गीय ने केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और उनके गुण दोषों की चर्चा की। उन्होंने आनलाइन संवाद के दौरान कहा कि भाजपा में इस बात की चिंता की जा रही है कि वन नेशन वन राशन के अंतर्गत कैसे बिचौलियों को हटाया जाए। इसीलिए आधार कार्ड से राशन कार्ड को लिंक किया जा रहा है ताकि जब गांव का मजदूर अपनी मूल जगह से कहीं और दूसरे राज्य में काम करने जाए तो उसे वहां भी उतना राशन मिल सके जो गांव में रहते मिल रहा था। इससे बिचौलियों उसके गांव में नहीं होने की बदौलत जो राशन खा जाते हैं, उस पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण देने की कोशिश करने वालों को रोकने में भी जुटी है।

### नई शिक्षा नीति डिग्री वाली नहीं रोजगार देने वाली है...

नई शिक्षा नीति को लेकर विजयवर्गीय ने कहा कि इसका अध्ययन करने पर यह साफ हुआ है कि यह सिर्फ डिग्री देने वाली शिक्षा नीति नहीं है बल्कि ऐसी नीति है जो रोजगार परक है। इसके बाद बच्चों, युवाओं को रोजगार स्थापित करने, रोजगार पाने में आसानी होगी। उन्होंने केंद्र सरकार की जल, जीवन मिशन योजना का जिक्र करते हुए चिंतन बैठक में कहा कि सात करोड़ लोगों के घरों में नल लगाया जा चुका है। विजयवर्गीय ने कहा कि डब्ल्यूएचओ का कहना है कि एशिया के देशों में साफ पानी लोगों तक नहीं पहुंच पाता। यह बीमारी की बड़ी वजह है और यह जल जीवन मिशन इसे रोकने का काम करेगा। हालांकि कई राज्य अभी इसे पूरी तरह लागू नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा कोविड 19 कूटनीतिक जीत, डीबीटी,जनधन

# केंद्रीय मंत्री श्री तोमर की पहल पर मुरैना में फर्नीचर क्लस्टर की तैयारी

### दिल्ली में मंत्री के समक्ष हुआ प्रेजेन्टेशन, म.प्र. के मंत्री श्री सखलेचा भी रहे मौजूद

### जिले की अर्थव्यवस्था बेहतर हो सकेगी, बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा

मुरैना। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और क्षेत्रीय सांसद श्री नरेंद्र सिंह तोमर की पहल पर मुरैना में फर्नीचर क्लस्टर की स्थापना की तैयारी की जा रही है। इसी सिलसिले में नई दिल्ली में श्री तोमर के समक्ष संबंधित अधिकारियों ने प्रेजेन्टेशन दिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा भी मौजूद थे। आज की बैठक व प्रेजेन्टेशन के दौरान फर्नीचर उद्योग से जुड़े निवेशकों उपस्थित थे, जिन्होंने इस पर संतोष जताया और वे निवेश के लिए उत्साहित नजर आए।

मध्य प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग इसी महीने के प्रारंभ में नए नियम जारी किए हैं, जिसके अंतर्गत क्लस्टर्स के लिए राज्य शासन द्वारा रियायती दर पर जमीन आवंटित की जाएगी। अपने संसदीय क्षेत्र मुरैना-श्योपुर के विकास के लिए प्रतिबद्ध सांसद व केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने इसी तारतम्य अधिकारियों से चर्चा कर प्रस्ताव दिया है कि मुरैना में फर्नीचर उद्योग विकसित करने की संभावनाएं तलाशी जाएं। श्री तोमर की पहल पर मुरैना के जिलाधिकारियों तथा राज्य सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अधिकारियों ने एक प्रेजेन्टेशन बनाया है, जिसे आज दिल्ली में मंत्री श्री तोमर व श्री सखलेचा के समक्ष बताया गया। प्रेजेन्टेशन में वर्ल्ड सिख चेम्बर आफ कामर्स



के अध्यक्ष डा. परमीत सिंह चड्ढ़ा व सिख समुदाय के फर्नीचर क्रेता, साथ ही टिम्बर मर्चेंट्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री घनश्याम कुशवाह तथा सदस्य और कीर्ति नगर से फर्नीचर व्यापारी मौजूद थे।

मुरैना जिले में आरक्षित वन क्षेत्र 50,669 हेक्टेयर तथा संरक्षित वन 26,847 हेक्टेयर हैं, जो ज्यादातर सबलगढ़ व जौरा ब्लाक में है। जिले में मुख्यतः सागौन, शीशम, नीम, पीपल, बांस, साल, बबूल, हर्रा, पलाश, तेंदू के वृक्ष के वन है। इनमें से मुख्यतः शीशम, सागौन, साल की लकड़ियां भी फर्नीचर में उपयोग होती है, वहीं फर्नीचर में इस्तेमाल होने वाली लकड़ियों में देवदार व कठल भी हैं, जो मध्यप्रदेश में बहुतायत में पाई जाती है और फर्नीचर उद्योग के विकास में बहुत उपयोगी है। वर्तमान में मुरैना जिले में उत्पादित लकड़ियों का अधिकांश हिस्सा उत्तर प्रदेश व राजस्थान के फर्नीचर निर्माताओं द्वारा उपयोग में लाया जाता है। वर्तमान में फर्नीचर की काफी मांग है, लेकिन इसे बनाने वाले उद्योग व कारीगरों की कमी महसूस होती है।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर का कहना है कि मुरैना की लकड़ियों से जिले में ही फर्नीचर बनाया जाएगा तो यहां उद्योग विकसित होने के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, साथ ही जिले की अर्थव्यवस्था भी बेहतर हो सकेगी। मुरैना में फर्नीचर बनने से मध्यप्रदेश सहित आसपास के जिलों में इसका विक्रय हो सकेगा, जिससे सभी स्थानों के लोगों को काफी सहूलियत व फायदा होगा।

बैठक में श्री सखलेचा ने कहा कि राज्य शासन की ओर से इस पहल पर पूरा सहयोग किया जाएगा, वहीं फर्नीचर उद्योग से जुड़े निवेशकों ने भी काफी उत्साह दिखाते हुए कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद केंद्रीय श्री तोमर ने तत्परतापूर्वक इस दिशा में पहल की है। राज्य सरकार की नीतियां भी निवेश के लिए प्रोत्साहित करने वाली है। निवेशकों द्वारा इस संबंध में शीघ्र ही मुरैना का दौरा कर आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने इस पहल के लिए श्री तोमर का आभार माना। बैठक में म.प्र. लघु उद्योग निगम के महाप्रबंधक श्री बी.एन. तिवारी, मुरैना के संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## वन-टू-वन

### गत 1 माह से नहीं निकला कोई भी कोरोना पॉजिटिव मरीज प्रतिदिन हो रही है 1 सैकड़ा से अधिक जांचें

पोरसा। शासकीय अस्पताल पोरसा पर प्रतिदिन 1 सैकड़ा से अधिक कोरोना की जांच हो रही हैं जिसमें 1 माह से कोई भी मरीज निकला है। पोरसा में एंटीजन जांच प्रतिदिन 50 से 60तक हो रही है। आर टी पी सी आर जो मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में जांच होती है के प्रतिदिन 50 के करीब लोग जांच कराने आते हैं गत एक माह से कोई रोगी नहीं निकला,,जांच कर्ता ,,उक्त जांचे ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर जी पी पाराशर के नेतृत्व में जांच प्रभारी अनिरुद्ध सिंह तोमर के द्वारा अपने सहयोगी रामनिवास दंडोतिया,,रामअवतार दादोरिया,, सत्येंद्र सिंह भदोरिया ,,सहदेव सिंह तोमर ,,भीका राम श्रीवास के द्वारा कराई जा रही हैं ।

### जुलाई में होगा अन्न उत्सव

**हर गरीब को दी जाएगी मुफ्त राशन सामग्री**

मुरैना। सहकारिता और लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने मंत्रालय में अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए जुलाई माह में पात्र परिवारों को अन्न उत्सव में आमंत्रित कर मुफ्त राशन देने की तैयारी सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान महामारी के चलते लाखों परिवारों को स्व-सत्यापित प्रमाण-पत्र के आधार पर मुफ्त राशन दिया जा रहा है। प्रत्येक पात्र परिवार को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये 25 श्रेणियों में मुफ्त राशन वितरित किया जाता है। कोरोना महामारी में 5 माह का निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। जुलाई माह में अन्न उत्सव आयोजित किया जाकर पात्र परिवारों को राशन किट वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान के मार्गदर्शन में ब?ा अन्न महोत्सव आयोजित कर प्रदेश के लगभग 5 करो? हितग्राहियों को मुफ्त राशन किट वितरित किये जाएंगे। उत्सव के दौरान प्रदेश की लगभग 25 हजार राशन दुकानों से पात्र हितग्राहियों को राशन वितरण किया जाएगा। बैठक में प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग श्री फैज अहमद किदवई सहित खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कोरोना से बचाव के लिए आम जीवन में अनुकूल व्यवहार का होना जरूरी

मुरैना। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को आम जीवन में 15 अनुकूल व्यवहारों को अपनाना जरूरी है। कोरोना से बचाव के लिए विशेषज्ञों ने 15 अनुकूल व्यवहार का पालन करने की आम लोगों को सलाह दी है। इन व्यवहारों को अपनाने की सलाह देते हुए लोगों से कहा है कि अभिवादन के लिए आपस में उचित दूरी रखते हुए एक दूसरे का अभिवादन करें, एक दूसरे से उचित दूरी बनाकर रखें, घर पर बना पुनः उपयोग होने वाला फेस कवर-मास्क हर समय पहनें, अपनी आँख, नाक या मुँह को छूने से बचें, अपनी श्वास स्वच्छता बनाएं रखें, अपने हाथों को नियमित रूप से और अच्छे से धोएं, अक्सर छुए जाने वाली सतहों को नियमित रूप से साफ और कीटाणुरहित करें। इसके अतिरिक्त तंबाकू उत्पादों का ना सेवन करें, ना सार्वजनिक स्थानों पर थूकें, अनावश्यक यात्रा ना करें, किसी के साथ भेदभाव ना करें, भीड़-भाड़ से बचें, सुरक्षित रहें, असत्यापित और नकारात्मक जानकारी को सोशल मीडिया पर प्रसारित ना करें, कोविड-19 के बारे में विश्वसनीय स्त्रोतों से जानकारी लें, कोविड-19 से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी के लिए केन्द्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1075 या राज्यों के हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल करें तथा किसी भी तरह के मानसिक तनाव या परेशानी होने पर मनोसामाजिक सहायता सेवाओं का सहयोग लें।

## पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान से हम सब प्रेरणा लेः जैन

अम्बाह। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आज रतन वाटिका में श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की थी अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून



1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम समाप्त हो गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था, %%नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान।श्री जैन ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में अनुच्छेद 370 एक बहुत बड़ी भूल थी। करोड़ों देशवासियों का एक सपना था। जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है। देश के. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मुखर्जी के बलिदान से प्रेरणा लेकर करोड़ों देशवासियों के सपने को पूरा करने का काम किया श्री जैन ने कहा कि 23 जून को प्रतिवर्ष बलिदान दिवस देशभर में मनाया जाता है इस आयोजन को भाजपा अध्यक्ष कल्ला शर्मा ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन उमेश जैन ने किया इस अवसर पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर कल्ला शर्मा,गजेंद्र सिंह तोमर,जिनेश जैन, कविन्द्र सिंह तोमर,बच्चू लाल गुप्ता,उमेश जैन,खेमसिंह भदौरिया, खुसीलाल श्री वास, योगेंद्र चौहान,श्री कृष्ण भदौरिया, महावीर शर्मा,ऋषि सखवार, गिर्राज तिवारी, सुरेश समाधिया, विष्णु शर्मा,अजय भदौरिया,दीवान राठौर,राम विलास कुशवाह,गोलू भदौरिया,निक्की तोमर,ओपी शर्मा,किशोरी गुप्ता,सन्तोष राठौर,नारायण सिंह तोमर,भवानी तोमर, सत्यवीर तोमर,सुभाष शर्मा करू, सूबेदार तोमर,गीताराम तोमर,ओमबीर तोमर,राजू तोमर,बल्ली तोमर,रमेश सखवार सहित अनेक लोग मौजूद थे।


## राष्ट्रीय नारी सशक्तीकरण संघ ने चलाया योग करेगें स्वस्थ रहेगें अभियान



मुरैना। राष्ट्रीय नारी सशक्तीकरण संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन योग करेगें स्वस्थ रहेगें अभियान चलाया गया। इस अभियान का विचार राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार धाकड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीणा कुर्रे, राष्ट्रीय सचिव मीता तौर, राष्ट्रीय टीम सलाहकार रश्मि शुभ, सरिता जैन, संचिता अग्रवाल के समक्ष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रूही डोंगवकर द्वारा रखा गया। इस अभियान में बहुत बड़े स्तर पर महिलाओं ने भाग लिया। पूरे भारत वर्ष की महिलाओं ने अपने घर, पार्क में यह अभियान चलाया और इस माध्यम से हज़ारों लोगों को जोड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि इस तरह योग का यह अभ्यास साल भर जूम एप के माध्यम से कराया जाएगा।

## सामाजिक एकता की जो हमारा उद्देश्यः पवन जैन डीजीपी मध्य प्रदेश

अम्बाह। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर अहिंसा प्रभावना समूह दिल्ली द्वारा आचार्य 108 ज्ञानसागर जी महाराज एवं आचार्य श्री 108 बसुनंदी महाराज के आशीर्वाद से ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से 1 जून से 21 जून तक अहिंसा अनलॉक ध्यान शिविर का आयोजन किया गया जिस का समापन 21 जून 2021 को संध्या की बेला में किया गया जिसमें 1 जून से लेकर 20 जून तक प्रतिदिन प्रातः 7ः00 से 7ः30 तक 105 आर्षमति माताजी के प्रवचन के माध्यम से सामाजिक जन चेतना को जगाने का प्रयास किया गया तत्पश्चात 7ः30 से 8ः15 तक योगाचार्य डॉक्टर नवीन जी जैन द्वारा योगा एवं ध्यान के माध्यम से वर्तमान परिस्थितियों को कैसे जिया जाए और स्वस्थ रहा जाए बताया गया तत्पश्चात प्रतिदिन शाम को 8ः00 बजे से 9ः30 बजे तक नृत्य एवं स्वर संगम मनोरंजन प्रोग्राम का आयोजन किया गया एवं इसी क्रम में 13 तारीख दिन रविवार को वर्तमान में योगा का महत्व पर संगोष्ठी की गई और इसी प्रोग्राम के अंतर्गत 15 जून 2021 को एक शाम गुरु ज्ञान के नाम का आयोजन किया गया और 20 जून 2021 को डॉक्टर संगोष्ठी का आयोजन किया गया तत्पश्चात 21 जून 2021 को एक शाम देश के नाम एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम चित्र अनावरण श्रीमती उर्मिला -अशोक जैन ,श्रीमती स्वाति -विकल्प जैन, श्रीमती भावना- महेंद्र जैन, श्रीमती प्रतीक्षा जैन श्रीमती वर्षा जैन श्रीमती ज्योति जैन एवं समस्त जैन परिवार झांसी द्वारा किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन श्रीमती नीलम रूपेश जैन गुनगुन जैन चांदी वाले आगरा ने किया तत्पश्चात मंगलाचरण आदरणीय ब्रह्मचारिणी बहन अनीता दीदी के द्वारा



किया गया तत्पश्चात गरिमा जैन दिल्ली ने णमोकार मंत्र की महिमा को समझाते हुए नृत्य प्रस्तुत किया तत्पश्चात वक्ता के रूप में पधारी कोटा से श्रीमती मंजुला जैन ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में हम एक दूसरे से फिजिकली मिलजुल नहीं सकते इसलिए हमें सभी को साथ लेकर चलना है और हमें वर्चुअल ही एक दूसरों के साथ अपने विचारों का आदान प्रदान करना है।

मुख्य वक्ता के रूप में पधारे श्री जगदीश प्रसाद जी जैन ने बताया अहिंसा प्रभावना समूह विगत 1 महीने से समाज के सभी बच्चों को एक साथ जोड़ने का और हम सभी को जोड़ने का प्रयास कर रहा है और समाज में सकारात्मकता लाने का भी प्रयास कर रहा है जो कि वर्तमान को देखते हुए एक नीव का पत्थर समाज के लिए साबित होगा।

तत्पश्चात विशेष अतिथि के रुप में पधारे आदरणीय श्री राकेश जी जैन रिटायर्ड आईजी भोपाल ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में हमें सभी से परिचित कराने के लिए अहिंसा प्रभावना समूह दिल्ली के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय है और ऐसे कार्य समाज में होते रहने चाहिए जिससे जागरूकता आती है और सभी का मेलजोल पड़ता है। तत्पश्चात वक्ता के रुप में पधारे रितेश जैन कैरियर काउंसलर गाजियाबाद ने बताया कि अहिंसा प्रभावना समूह द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय है यह हमारी नई जनरेशन में संस्कारों की नई नींव रखेंगे और हमें ध्यान रखना है कि हमें बच्चों को संस्कारों का आदान प्रदान करना है ना कि धन दौलत का क्योंकि धन दौलत का आदान प्रदान करने से धन दौलत तो बढ़ती है परंतु संस्कारों की कमी आ जाती है और हमें अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा टाइम देना चाहिए जिससे कि हम उनको सही तरीके से जान सके।

## वृक्ष मानव जीवन का अभिन्न अंग है, इसलिए सभी को वृक्षारोपण करना चाहिएः महेश सेमिल

पोरसा। वृक्ष धरती का श्रृंगार है ,वह मानव जीवन का अभिन्न अंग है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह वृक्षारोपण कर धरती माता का कर्ज चुकाये , एक बृक्ष से एक सैकड़ा लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होती है ,जिससे मानव जीवन जीता है इस सृष्टि के नियमानुसार एवं पुराणों के नियम के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को 5,,,5 वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए और उनकी परवरिश भी करनी चाहिए वृक्ष हमें छाया देते हैं, ऑक्सीजन देते हैं,व फल भी देते हैं ,,महेश सेमिल,,, अटेर रोड स्थित कृष्णा फिलिंग सेंटर पर वृक्षारोपण पर एक कार्यशाला आयोजित की गई,एवं वृक्षारोपण किया गया ,,एक दर्जन वृक्षों का रोपण किया गया जिसमें जामुन ,पीपल ,अमरूद , अशोक, आदि के वृक्षों का रोपण किया गया इस कार्यक्रम में बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश सेमिल, राकेश सिंह, राजेंद्र कुमार, बीरेंद्र कुमार सोलंकी ,देवेंद्र सिंह तोमर, राहुल गुप्ता ,मनीष यादव, हरी सिंह तोमर ,सहित कई लोग उपस्थित हुए।



## भाजपा नगर मंडल पोरसा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर मनाया डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



पोरसा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा में नगर के सभी वार्ड एवं मतदान केंद्रों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को मनाया गया और उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया और पत्र का वाचन भी किया गया कार्यक्रम भाजपा कार्यालय पर किया गया वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम भी संपन्न किया गया इसमें मुख्य रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता अन्नू गुप्ता दिनेश शर्मा राघवेंद्र सिंह तोमर अशोक तोमर पार्षद युवा मोर्चा अध्यक्ष अवधेश राजोरिया राजेश वर्मा महामंत्री कमल जाटव योगेश शर्मा संयोजक युवा मोर्चा अरविंद सिंह तोमर संदीप उपाध्याय वीरू तोमर सौरभ तोमर विकास तोमर जितेंद्र गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर मौजूद अधिकारियों का फूल मालाओं से किया सम्मान



अंबाह। टीकाकरण के लिए आज अंबाह में पांच जगह वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए थे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य कर्मियों व नगर पालिका अधिकारियों का फूल मालाओं के साथ उनका सम्मान किया गया है वार्ड नं 04 डीएवी स्कूल पर पहुंचे भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष निक्की तोमर ने कहा कि मेडिकल स्टाफ व नगर पालिका कर्मचारियों के आपसी तालमेल की वजह से अंबाह में वैक्सीनेशन का कार्य बहुत ही तेजी से आगे बढ़ रहा है वहीं इस महामारी में स्टाफ निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे चिकित्सकीय दल और नगर पालिका कर्मचारियों के मनोवल में गिरावट ना आए इसके लिए हमारे द्वारा उन्हें फूल माला पहनाकर उनको सम्मानित किया जा रहा है स्वागत करने पहुंचे भाजपाइयों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष निक्की तोमर, महिला मोर्चा की महामंत्री किशोरी गुप्ता, के साथ 2 दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे शहरी इलाके में 1000 का टारगेट था 1360 वेक्सीन लगी।

## लोकायुक्त टीम ने टीआई को 7 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में किया गिरफ्तार

### लोकायुक्त टीम के सामने फरियादी को दी गई धमकी

मुरैना। सबलगढ थाना प्रभारी को ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने बीती रात रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। फरियादी ऋषिकेश गोस्वामी की गाडी छोडने के एवज में 7 हजार रुपए की रिश्वत टीआई के द्वारा माँगी जा रही थी। जिस पर लोकायुक्त ने टीआई को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि मुरैना जिले में अधिकांश थानों में रिश्वतखोरी का मकड़जाल फैला हुआ है और थाना प्रभारी अपने अधीनस्थों के जरिए रिश्वत का खुला खेल खेल रहे हैं। स्थिति यह है कि गरीब एवं भोले-भाले फरियादियों की थाने में कहीं कोई सुनवाई नहीं है और अधिकांश



स्थानों में दलाल बैठे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार सबलगढ टीआई नरेन्द्र शर्मा को 7 हजार रुपये रिश्वत के आरोप में ट्रेप किया गया है। लोकायुक्त पुलिस को फरियादी ऋषिकेश गोस्वामी द्वारा शिकायत की गई थी कि सबलगढ टीआई नरेन्द्र शर्मा मेरी गाडी छोडने के एवज में 7 हजार रुपये की मांग रहे है, जबकि में 15 हजार रुपये पहले दे चुका हूं, इसके बाद भी 7 हजार रुपए के रिश्वत की मांग की जा रही है। ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस द्वारा अपने स्तर से पूरी छानबीन करने के बाद फरियादी को नोटो पर पाउडर लगाकर भेजा गया था। फरियादी ऋषिकेश गोस्वामी ने टीआई नरेन्द्र शर्मा के चौकीदार महेन्द्र पाल को 7 हजार रुपये दे दिये थे, उसके बाद महेंद्र पाल ने वही रुपये टीआई को थमा दिए। उसी वक्त लोकायुक्त टीम के द्वारा पाउडर से लगे रुपयों को जप्त कर लिया गया। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की गई हैं। एसडीओपी गुरुवचन सिंह ने बताया कि सबलगढ थाना प्रभारी नरेंद्र शर्मा को मोटरसाइकिल को छोडने के एवज में फरियादी ऋषिकेश गोस्वामी से 7 हजार रुपए की रिश्वत की मांग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला ठेकेदारों को नहीं देना होगा अब पंजीयन शुल्क

शिवपुरी। राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और महिलाओं के लिए रोजगार अवसर को आसान बनाने के उद्देश्य लोक निर्माण विभाग द्वारा पहली बार ठेकेदारी के लिए पंजीकृत होने वाली मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला ठेकेदारों को पंजीयन शुल्क की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि राज्य शासन के इस निर्णय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री और डिप्लोमा करने वाली युवा महिलाओं तथा अन्य महिलाओं को शासकीय कांट्रेक्टर के रूप में कार्य करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आत्म-निर्भर मध्य प्रदेश के क्रम में रोजगार संसाधनों के सृजन का जो लक्ष्य रखा गया है उसी कड़ी में एक कदम है।प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री नीरज मंडलोई ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा लोक निर्माण विभाग ठेकेदारों के पंजीयन की वर्तमान प्रचलित केंद्रीकृत व्यवस्था 2016 में संशोधन कर, सोल-प्रोपराइटर महिला ठेकेदारों को पंजीयन शुल्क से मुक्त किया गया है। लेकिन सोल ङ्क प्रोपराइटर महिला ठेकेदार फर्म को अन्य व्यक्तियों को सम्मिलित करते हुए, पार्टनरशिप फर्म अथवा कंपनी के रूप में पंजीकृत होने पर पूर्व के अनुसार पंजीयन शुल्क देना होगा।

### रन्नौद में विपिन शर्मा ने नेतृत्व में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**शिवपुरी।** जिले के रन्नौद में भी वरिष्ट भाजपा के पदाधिकारी के निर्देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा का कार्यक्रम आयोजन किया जिसमें रन्नौद के सुभाष निकेतन स्कूल में मनाया गया योग दिवस , भाजपा मंडल रन्नौद में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग किया गया। जिसमें मुख्य रूप से योग प्रभारी विपिन शर्मा ,मंडल महामंत्री महेश खटीक ,कौशलेश शर्मा सुरेंद्र प्रताप चौधरी डब्बू अंकल,राकेश श्रीवास्तव, सुनील नामदेव, बृन्दावन रजक,राजकुमार विश्वकर्मा, जीतू तिवारी,विजय राम जाटव,बंधु रजक ,मनीष बौहरे आदि लोग उपस्थि रहे। सिंधिया निष्ठ विपिन शर्मा व कौशल शर्मा हमेशा नेक कार्य व भाजपा के बताए गए अनेको कार्य करने में सबसे अब्बल रहते है और लोग श्रेय लेने योग बन जाते है, श्री शर्मा के हर काम में लोग अनेक कार्य की प्रशांसा करने से चूकते नही है।

बिन कोई पद पर रहते हुए श्रीमंत सिंधिया जी के आदेश को मानते हुए सेवा भाव के नेक कार्य व भारतीय जनता पार्टी के काम मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने में भी अब्बल नम्बर रहते है।

### कोविड टीका आपका सुरक्षा घेरा है - कलेक्टर

**श्योपुर।** कलेक्टर राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा है कि कोविड महामारी पर विजय प्राप्त करने के लिए कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान 21 से 30 जून तक चलाया जा रहा है। साथ ही जिले में अभी तक 101636 हितग्राहीयों को प्रथम डोज दिया जा चुका है। जो 50 प्रतिशत कोरोना से सुरक्षित हो गए है। इसी प्रकार 12772 हितग्रीहीयों ने दोनो डोज लगवाकर कोरोना संक्रमण से सुरक्षित कर लिया गया है। जिले में शहर से लेकर ग्राम स्तर तक 78 टीकाकरण केन्द्र बनाए गए है। जहॉ 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों का टीकाकरण किया जा रहा है।

# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस राज्यसभा सांसद ने किया पौधारोपण





**अशोक नगर।** राष्ट्र पुरूष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर राज्यसभा सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने माध्यमिक शाला प्रांगण में पौधरोपण किया। नगर परिषद प्रांगण में सिंधिया ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान दिवस पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रीमंत सिंधिया ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रत्येक भारतवासी देश की 130 करोड़ जनता के लिए गर्व की बात है कि आज जो दिवस बलिदान दिवस मनाया जा रहा वह ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने भारत मे राष्ट्रवाद का मार्ग प्रशस्त किया तथा अखंड भारत का नारा बुलंद किया । डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस देश की एकता और अखंडता के लिए अपने जीवन की आहुति दी। एक संबिधान, एक निशान और एक ही विधान होगा। उस सपने को हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने साकार करके दिखाया है।

इस मौके पर एक एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगावली के लिए तथा एक फायर ब्रिगेड और कचरा गाड़ियां नगर परिषद मुंगावली को समर्पित की गई। शोक संवेदनाएं व्यक्त कोरोना अपने परिवार के सदस्यों को गवाने वाले शहर नागरिकों के निवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिवारों को सांत्वना दी। साथ ही श्रद्धांजलि अर्पित की सिंधिया सबसे पहले पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष महेंद्र सिंह, सुभाष मोदी एवं एडवोकेट अवध किशोर दांगी की पत्नी के निधन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 26 जून को

अशोक नगर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं म प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा जिला चिकित्सालय के समन्वय से ए.डी.आर. सेंटर, जिला न्यायालय परिसर अशोकनगर में 26 जून 2021 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करने के इच्छुक रक्तदाताओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी को जीवनदान दे सकता है। ऐसे व्यक्ति जिन्हें कोविड-19 की वैक्सीन का प्रथम व अंतिम डोज लगवाये हुए 14 दिन अथवा उससे अधिक दिन हो चुके हैं, वो भी रक्त्दान कर सकते हैं ।रक्तदान हेतु जिला न्यायलय परिसर में आने वाले रक्तदाता कोविड-19 के सुरक्षा मानकों तथा मास्क एवं दो गज की दूरी आदि का पालन करते हुये ए.डी. आर सेंटर, अशोकनगर आकर रक्तदान कर सकते है।

## जेसीआई स्वर्णा ने एसपी राजेश सिंह चंदेल के सानिध्य में किया वृक्षारोपण







शिवपुरी। जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने पुलिस लाइन के पार्क और मन्दिर में आज जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की सभी महिलाओ ने एसपी राजेश सिंह चंदेल सर और उनकी पूरी पुलिस विभाग की टीम के साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की महिलाओ , जे जे विंग्स के बच्चो और एसपी सर और उनकी पुलिस विभाग की टीम ने 250 पोधे का वृक्षारोपण किया। जिसमे प्रेसीडेंट जेसी स्मिता सिंघल , सेक्रेटरी जेसी तनुजा गर्ग , जेसी आशु अग्रवाल, जेसी संध्या अग्रवाल, जेसी कमलेश सक्सेना , जेसी नीतू जैन (ज्वैलर्स) , जेसी रश्मि गोयल , जेसी रुचि मंगल , जेसी नीता श्रीवास्तव , जेसी रानी गोयल ,जेसी सुधा गुप्ता , जेसी दीपिका सक्सेना और बच्चो के जेजे विंग्स की अध्यक्ष जेजे श्रुतिका गोयल , जेजे आर्यन जैन और संदीप गोयल , शैलेन्द्र जैन भी उपस्थित थे , और जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने एसपी सर का स्मृति चिन्ह ओर फूल माला देकर आभार व्यक्त किया ।

## एक अनोखी पहल ग्रुप के द्वारा 21 जून से 30 जून तक चलाए जाने वाले कोविड-19 महा वैक्सीनेशन



शिवपुरी। एक अनोखी पहल अभियान में एक अनोखी पहल के द्वारा बसंती देवी कुशवाहा मार्केट न्यू बस स्टैंड वार्ड क्रमांक 13 में 21 जून से 30 जून तक वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 23-06-21 को अनोखी पहल ग्रुप ने वैक्सीन लगवाओ और उपहार पाओ कार्यक्रम रखा जिसमें 100 से अधिक लोगों को उपहार स्वरूप भिन्न भिन्न प्रकार के उपहार दिए गए। और लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया।एक अनोखी पहल ग्रुप शिवपुरी द्वारा इसी? प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर चलाया जाएगा। एक अनोखी पहल ग्रुप शिवपुरी समस्त शिवपुरी वासियों से अपिल करता है की सभी लोग अपना वैक्सीनेशन जरूर कराये ।अध्यक्ष दीप्ति भदौरिया, उपाध्यक्ष सोनू कुशवाह, सहसचिव सिमरन कोटिया, सदस्य कीर्ति शर्मा, कविता गौतम, विक्की रजक, भावना कुशवाह, मोन्टी कुशवाह, इन्द्रपाल, सन्नी पाराशर, मिट्ठू हर्षिता गोयल, नवीन कुशवाह, आदि उपस्थित रहे।

## उपजातियों में शामिल करने मांझी समाज ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



शिवपुरीङ्कअखिल भारतीय मांझी निषाद महासभा के द्वारा आज शिवपुरी मैं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर शिवपुरी को सौंपा! अखिल भारतीय माझी निषाद महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश बाथम( राजू ) और जिला अध्यक्ष परमाल बाथम युवा जिला अध्यक्ष हनी बाथम के नेतृत्व में आज ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मैं मांझी समाज के द्वारा मांग की गयी है पिछा वर्ग की सूची 12 पर दर्ज ढीमर भोई केवट निषाद बाथम कहार रायकवार आदी जातियों को पिछा वर्ग की सूची से विलोपित कर अनुसूचित जनजाति की सूची मैं 29 नंबर पर दर्ज मांझी जाति की उप जातियों के रूप में शामिल करें साथ ही 1/1/ 18 के आदेश को 2005 के स्थान पर आगामी आदेश तक संरक्षण प्रदान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में अजय बाथम ( महामंत्री अखिल भारतीय माझी निषाद महासभा) गोविंद बाथम (कालू),आकाश बाथम,विजय बाथम,गोपाल बाथम शुभम बाथम, मनीष बाथम, सचिन माझी,सोनू बाथम एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

# सुरेश सिकरवार को गोली मारने वाले मुख्य आरोपियों ने किया सरेंडर







**शिवपुरी।** जमीन संबंधी विवाद पर पूर्व डीएसपी सुरेश सिंह सिकरवार पर गोली मारकर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वालों में मुख्य आरोपी सौरभ सिंह चौहान और उसका छोटा भाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार जमीन संबंधी विवाद के कारण आरोपी सौरभ सिंह चौहान ने पूर्व डीएसपी सुरेश सिंह सिकरवार के निवास स्थान पर पहुंचकर उन पर कट्टे से प्रहार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज ग्वालियर में चला। गोली मारने के बाद आरोपी सौरभ सिंह चौहान भाग निकला था।पुलिस ने इस मामले में कुछ अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन मुख्य आरोपी सौरभ सिंह चौहान फरार बना हुआ था। अंततः पुलिस दबाव के कारण सौरभ सिंह चौहान और उसके भाई अमन चौहान ने एसपी कार्यालय में आज आत्म समपर्ण कर दिया।

### जमीन विवाद के कारण हुआ था यह गोलीकाण्ड

5 दिसंबर 2020 के शाम को शिव कॉलोनी में एक जमीन को लेकर सुरेश सिंह सिकरवार और छुन्ना सिंह चौहान के बीच एक सरकारी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस जमीन के विवाद में डॉ.सुनील तोमर और जमीन कारोबारी मोनू भगवती का भी नाम आ रहा था। इसी विवाद में छुन्ना सिंह चौहान पर 327 का मामला दर्ज हुआ था,पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर छुन्ना सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया था। अपनी पिता की गिरफ्तारी के क्रोधित होकर सौरभ चौहान ने इस गोलीकाण्ड को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने 5 लोगो पर मामला दर्ज किया गया था।

### एनकाउंटर की धमकी मिल रही थी:सुमन चौहान

अपने दोनो बेटे सौरभ चौहान और अमन चौहान के साथ एसपी आफिस पहुंची सुमन चौहान ने कहा कि मेरे बेटे की एनकाउटर की धमकी मिल रही थी। यह एक सरकारी जमीन का विवाद था उस पर डॉ तोमर और मोनू भगवती कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे और पूर्व डीएसपी से विवाद हुआ था। क्या विवाद हुआ था इसकी मुझे जानकारी नही हैं।

## वैक्सीन का रिकॉर्ड

देश में कोरोना के टीकों को लेकर उठ रहे संशय और खुराक की कमी पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब अब मिल गया है। नई गाइडलाइंस के मुताबिक वैक्सीनेशन शुरू होने के पहले दिन अब तक के सारे रिकॉर्ड टूट गए। सोमवार को 85 लाख से ज्यादा लोगों को टीका लगाया गया। अब तक 85.15 लाख लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। इससे पहले 5 अप्रैल को 43 लाख से ज्यादा लोगों को



वैक्सीन लगाई गई थी। रिकॉर्ड लोगों को वैक्सीन लगने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह रिकॉर्ड तोड़ वैक्सीनेशन खुश करने वाला है। कोरोना से लडने् के लिए वैक्सीन हमारा सबसे मजबूत हथियार बना हुआ है। उन सभी को बधाई जिन्होंने टीका लगवाया। सभी फ्रंटलाइन वॉरियर्स को बधाई जिन्होंने सुनिश्चित किया कि इतने सारे लोगों को टीका लगे। वेल डन इंडिया। सोमवार को सबसे ज्यादा वैक्सीनेशन मध्य प्रदेश में हुआ है। यहां 16.70 लाख लोगों को टीका लगाया गया। यह किसी भी राज्य में एक दिन में सबसे ज्यादा वैक्सीनेशन का रिकॉर्ड है। इसके अलावा कर्नाटक में 11.11 लाख और यूपी में 7.16 लाख लोगों ने वैक्सीन लगवाई। दिल्ली में यह संख्या महज 76,282 रही। देश में सोमवार को जितने लोगों को टीका लगाया गया, उससे कम कम आबादी वाले दुनिया में 134 देश हैं। इनमें हांगकांग, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, कुवैत, नार्वे और फिनलैंड जैसे देश शामिल हैं। भारत में एक दिन में इजराइल और स्विटजरलैंड की आबादी के लगभग लोगों को टीका लगाया गया है। इस मामले में हमने अमेरिका को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। अमेरिका में अब तक एक दिन में 40 लाख लोगों को टीका लगा है। यह रिकॉर्ड 4 अप्रैल को दर्ज हुआ था। ऑस्ट्रेलिया में अब तक कुल 6.87 लाख डोज लगे हैं। इससे करीब डेढ़ गुना भारत में एक दिन में ही लगा दिए गए। उधर, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि देश में अब तक 28.33 करोड़ लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई जा चुकी है। इनमें 23.27 करोड़ से ज्यादा को पहला और 5.05 करोड़ को दूसरा डोज लग चुका है। नई गाइडलाइंस के मुताबिक, अब 18 साल से ज्यादा उम्र के हर नागरिक को केंद्र सरकार की ओर से मुफ्त वैक्सीन लगाई जा रही है। देश में 16 जनवरी से वैक्सीनेशन की शुरुआत की गई थी। इससे पहले टीकाकरण को लेकर निराशाजनक खबरें अक्सर सुनने-देखने को मिलती रहती थीं। जैसे टीकों की कमी, टीका लगवाने से लोगों का बचना, टीके को लेकर लोगों में फैला डर, भ्रांतियां और अंधविश्वास, सरकारी स्तर पर अभियान को लेकर उदासीनता आदि। इसी को देखते हुए टीकाकरण की कमान केंद्र ने अपने हाथ में ली। टीकों का संकट शुरू से ही है। फिर समय-समय पर इसका दायरा भी बढ़ाया जाता रहा। इससे हुआ यह कि टीका लगवाने वालों की तादाद बढ़ती गई, पर उसके हिसाब से टीके नहीं मिल पाए। इससे कई राज्यों में टीके लगाने का काम ठंडा पड़ गया। राज्य टीकों की मांग करते रहे। दूसरी ओर केंद्र सरकार दावा करती रही कि किस राज्य को उसने कितने टीके दिए। इन कंपनियों के पास पहले ही से दूसरे देशों के भी ऑर्डर थे। ऐसे में भारत की जरूरत को पूरा कर पाना इनके लिए आसान नहीं था।

# वीरांगना रानी दुर्गावती

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

रानी दुर्गावती (5 अक्टूबर 1524 - 24 जून 1564) भारत की एक प्रसिद्ध वीरांगना थीं,जिसने मध्य प्रदेश के गोंडवाना क्षेत्र में शासन किया।उनका जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर के राजा पृथ्वी सिंह चंदेल के यहाँ हुआ उनका राज्य गढ़मंडला था,जिसका केंद्र जबलपुर था। उन्होने अपने विवाह के चार वर्ष बाद अपने पति गौड़ राजा दलपत शाह की असमय मृत्यु के बाद अपने पुत्र वीरनारायण को सिंहासन पर बैठाकर उसके संरक्षक के रूप में स्वयं शासन करना प्रारंभ किया। इनके शासन में राज्य की बहुत उन्नति हुई। दुर्गावती को तीर तथा बंदूक चलाने का अच्छा अभ्यास था। चीते के शिकार में इनकी विशेष रुचि थी। उनके राज्य का नाम [[गोंडवाना]] था जिसका केन्द्र जबलपुर था। वे इलाहाबाद के मुगल शासक आसफ़ खान से लोहा लेने के लिये प्रसिद्ध हैं।

**परिचय**

रानी दुर्गावती कालिंजर के राजा कीर्तिवर्मन/कीर्तिसिंह चंदेल की एकमात्र संतान थीं। चंदेल राजपूत वंश की शाखा का ही एक भाग है ।बांदा जिले के कालिंजर किले में 1524 ईसवी की दुर्गाष्टमी पर जन्म के कारण उनका नाम दुर्गावती रखा गया। नाम के अनुरूप ही तेज, साहस, शौर्य और सुन्दरता के कारण इनकी प्रसिद्धि सब ओर फैल गयी। दुर्गावती के मायके और ससुराल पक्ष की जाति भिन्न थी लेकिन फिर भी दुर्गावती की प्रसिद्धि से प्रभावित होकर गोण्डवाना साम्राज्य के राजा संग्राम शाह ने अपने पुत्र दलपत शाह मडावी से विवाह करके, उसे अपनी पुत्रवधू बनाया था।

दुर्भाग्यवश विवाह के चार वर्ष बाद ही राजा दलपतशाह का निधन हो गया। उस समय दुर्गावती की गोद में तीन वर्षीय नारायण ही था। अतः रानी ने स्वयं ही गढ़मंडला का शासन संभाल लिया। उन्होंने अनेक मठ, कुएं, बावड़ी तथा धर्मशालाएं बनवाईं। वर्तमान जबलपुर उनके राज्य का केन्द्र था। उन्होंने अपनी दासी के नाम पर चेरीताल, अपने नाम पर रानीताल तथा अपने विश्वस्त दीवान आधारसिंह के नाम पर आधारताल बनवाया।

**ऐतिहासिक परिचय**

रानी दुर्गावती मडावी का यह सुखी और सम्पन्न राज्य पर मालवा के मुसलमान शासक बाजबहादुर ने कई बार हमला किया, पर हर बार वह पराजित हुआ। मुगल शासक अकबर भी राज्य को जीतकर रानी को अपने हरम में डालना चाहता था। उसने विवाद प्रारम्भ करने हेतु रानी के प्रिय सफेद हाथी (सरमन) और उनके विश्वस्त वजीर आधारसिंह को भेंट के रूप में अपने पास भेजने को कहा। रानी ने यह मांग ठुकरा दी। इस पर अकबर ने अपने एक रिश्तेदार आसफ खां के नेतृत्व में गोण्डवाना साम्राज्य पर हमला कर दिया। एक बार तो आसफ खां पराजित हुआ, पर अगली बार उसने दुगनी सेना और तैयारी के साथ हमला बोला। दुर्गावती के पास उस समय बहुत कम सैनिक थे। उन्होंने जबलपुर के पास नरई नाले के किनारे मोर्चा लगाया तथा स्वयं पुरुष वेश में युद्ध का नेतृत्व किया। इस युद्ध में 3,000 मुगल सैनिक मारे गये लेकिन रानी की भी अपार क्षति हुई थी।

अगले दिन 24 जून 1564 को मुगल सेना ने फिर हमला बोला। आज रानी का पक्ष दुर्बल था, अतः रानी ने अपने पुत्र नारायण को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया। तभी एक तीर उनकी भुजा में लगा, रानी ने उसे निकाल फेंका। दूसरे तीर ने उनकी आंख को बेध दिया, रानी ने इसे भी निकाला पर उसकी नोक आंख में ही रह गयी। तभी तीसरा तीर उनकी गर्दन में आकर धंस गया।

रानी ने अंत समय निकट जानकर वजीर आधारसिंह से आग्रह किया कि वह अपनी तलवार से उनकी गर्दन काट दे, पर वह इसके लिए तैयार नहीं हुआ। अतः रानी अपनी कटार स्वयं ही अपने सीने में भोंककर आत्म बलिदान के पथ पर बढ़ गयीं। महारानी दुर्गावती चंदेल ने अकबर के सेनापति आसफ़ खान से लड़कर अपनी जान गंवाने से पहले पंद्रह वर्षों तक शासन किया था।

जबलपुर के पास जहां यह ऐतिहासिक युद्ध हुआ था, उस स्थान का नाम बरेला है, जो मंडला रोड पर स्थित है, वही रानी की समाधि बनी है, जहां गोण्ड



जनजाति के लोग जाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। जबलपुर में स्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय भी इन्ही रानी के नाम पर बनी हुई है।

रानी दुर्गावती के सम्मान में 1983 में जबलपुर विश्वविद्यालय का नाम बदलकर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कर दिया गया 7 भारत सरकार ने 24 जून 1988 रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर एक डाक टिकट जारी कर रानी दुर्गावती को याद किया। जबलपुर में स्थित संग्रहालय का नाम भी रानी दुर्गावती के नाम पर रखा गया 7 मंडला जिले के शासकीय महाविद्यालय का नाम भी रानी दुर्गावती के नाम पर ही रखा गया है। रानी दुर्गावती की याद में कई जिलों में रानी दुर्गावती की प्रतिमाएं लगाई गई हैं और कई शासकीय इमारतों का नाम भी रानी दुर्गावती के नाम पर रखा गया है।

**शेरशाह सूरी युद्ध**

कालिंजर नरेश महाराज श्रीकीर्तिराज शाह शेरशाह सूरी की सेनाओं से भीषण युद्ध करते हुए कई बहुत गहरे घाव खा गए। चंदेल सैनिक उन्हें मूर्च्छित अवस्था में पालकी में डालकर किसी प्रकार दुर्ग में ले आए। राजकीय चिकित्सक उनकी चिकित्सा में लग गए।समस्त वातावरण में भय व्याप्त था। सूरी के सैनिक दुर्ग के सुदृढ़ कपाटों को भग करने का प्रयत्न कर रहे थे।सूरी सैनिकों के शवों और तीखे भालों से बिंधे हुए, करुण चिंगघाड़ों से आकाश को प्रकम्पित करने वाली दहाड़ों से खड़े-खड़े विशाल गजराज दुर्ग द्वार के रक्षक आश्चर्यजनक रूप से बन गए। द्वार से निराश होकर सूरी ने अपनी रणनीति में परिवर्तन कर डाला। दुर्ग के पीछे की दीवार जो अपेक्षाकृत कम ऊंची थी, उसके नीचे लकड़ी का ढालदार प्रशस्त मंच बना कर सूरी के सैनिक बारूद की मोटी तह बिछने लगे। दुर्ग से अपने विरोध में कोई प्रतिक्रिया न देखकर, उनका साहस बढ़ता जा रहा था। उधर गढ़ के अंदर नारियों के सम्मान की रक्षा के लिए लकड़ियों के ढेर लगने लगे। दुधमुंहे बच्चों और विशेषकर प्रत्येक आयु की कन्याओं को लेकर उनके चारों ओर नारिएँ एकत्रित होने लगीं। चौराहे-चौराहे पर रखे केसर के घोल में रंग-रौग कर पुरुष केसरिया परिधान धारण करने लगे। किसी भी क्षण बारूद के भीषण विस्फोट से गढ़ की दीवार द्वार का रूप ग्रहण कर सूरी के नृशंस सैनिकों को निबांध प्रवेश का मार्ग प्रदान कर सकती थी। तभी उन्होंने देखा कि पूर्ण श्रृंगार करके महाराज कुमारी दुर्गावती अपनी पाँच-सात समवयस्क सहेलियों के साथ सिंहवाहिनी भवानी की गति से बढ़ती चली आ रही हैं। वह आदेशात्मक स्वर से बोली ÷न कोई इन लकड़ियों के पर्वताकार देर में पलीता लगाए और न कोई गढ़ के कपाट खोलकर बाहर निकलने का विचार करे। हम दुर्ग शिखर पर जा रही हैं। स्थिति का आकलन कर शख्ध्वनि पर सभी अपने-अपने आवासों पर लौट जाएँ अन्यथा दुर्ग शिखर से सर्वप्रथम मैं, प्रमुख देर पर क्ट्रेंगी। तब शीघ्रतापूर्वक पलीते लगा दिए जाएँ। महाराजा को यद्यपि घाव गंभीर लगे हैं किन्तु वे जीवित हैं।÷ -कहती हुई राजकुमारी दुर्गावती अजयगढ़ के प्रमुख शिखर की ओर बढ़ चली। देखा कि बारूद बिछाने का कार्य स्वयं शेरशाह सूरी की निगरानी में विद्युतगति से हो रहा है। वह सूरी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए ताली बजाकर हंस पड़ी शेरशाह सूरी ने जो ही उसकी ओर देखा, वहीं से ऊंचे स्वर से बोली, ÷शहंशाहे हिंद जनाबे आली महाराजा कुछ ही क्षण के मेहमान हैं। कालिंजर का राजसिंहासन हमारे अधिकार में है। बोलो तुम क्या चाहते हो? मैं तुम्हारा वरण करने को तैयार हूँ। इसके अतिरिक्त तुम्हारी और जो कोई शर्त हो, वह लिखकर अपने किसी दूत को भेज दो। अथवा हम यहीं से एक डोल लटका रही हैं, उसमें रखा दो। कालिंजर के साथ अपनी सेना की भी रक्षा करो, उन्हें प्राणदान दो। जब कालिंजर अपनी शासिका सहित तुम्हें अपना शासक स्वीकार करने को तैयार है तो व्यर्थ के खून-खराबे से बचना उचित होगा।

## शाश्वत प्रेम अंतहीन है

प्रेम कितना ही होता जाए, अधूरा ही बना रहता है। वह परमात्मा जैसा है। कितना ही विकसित होता जाए, पूर्ण से पूर्णतर होता जाता है, फिर भी विकास जारी है। जैसे प्रेम का अधूरापन ही उसकी शाश्वतता है। ध्यान रखना कि जो चीज पूरी हो जाती है, वह मर जाती है। पूर्णता मृत्यु है; क्योंकि फिर बचा नहीं कुछ करने को, होने को कुछ बचा नहीं, आगे कोई गति न रही। जो चीज पूर्ण हो गयी, वह मर गयी। मर ही जायेगी, क्योंकि फिर क्या होगा? सिर्फ वही जी सकता है जो शाश्वत रूप से अपूर्ण है, अधूरा है, आधा है। तुम कितना ही भरो, वह अधूरा रहेगा। आधा होना उसका स्वभाव है। तुम कितने ही तृप्त होते जाओ, फिर भी पाओगे कि हर तृप्ति और अतृप्त कर जाती है। जितना पीते हो, उतनी ही प्यास बढ़ती चली जाती है। यह ऐसा जल नहीं है कि पी लो और तृप्त हो जाओ। यह प्यास को और जलाएगा। इसलिए प्रेमी कभी तृप्त नहीं होता। उसके आनंद का कोई अन्त नहीं है। क्योंकि आनंद का वहीं अन्त हो जाता है, जहां चीजें पूरी हो जाती हैं। कामी तृप्त हो सकता है, प्रेमी नहीं। काम का अन्त है, सीमा है; प्रेमी का कोई अन्त नहीं, कोई सीमा नहीं। प्रेम आदि-अनादि है। वह ठीक परमात्मा के स्वरूप का है। इस जगत में प्रेम परमात्मा का प्रतिनिधि है, समय की धारा में समयातीत का प्रवेश है, मनुष्य की दुनिया में अतिमानवीय किरण का आगमन है। प्रेम प्रतीक है यहां परमात्मा का और उसका स्वभाव परमात्मा जैसा है। परमात्मा कभी पूरा नहीं होगा, नहीं तो समाप्त हो जाएगा।

## बड़ी लकीर मिटाकर छोटी लकीर को बड़ा करने की यह कुटिल प्रवृति

**तनवीर जाफ़री**

हमारे देश में केवल 3 दशक पूर्व तक जब आम लोगों को वर्तमान में प्रचलित शोधित जल के %फ़नडे% के बारे में ज्ञान नहीं था तब तक प्रत्येक आम भारतीय कुंवे या पाईप लाइनों से आपूर्ति किये जाने वाले जल का ही उपयोग किया करता था। परन्तु आज शहरी आबादी का तो अधिकांश वर्ग यहाँ तक कि क़स्बे व गांव तक के सम्पन्न लोग भी शुद्ध जल के नाम पर या तो बोतल बंद पानियों का इस्तेमाल करने लगे हैं या शहरों से लेकर गांव तक में जल शुद्धिकरण के व्यवसाय खुल गए हैं या फिर अनेक कंपनियों की तरह तरह की जल शुद्धिकरण की मशीनें घर घर लग चुकी हैं। यह और बात है कि अनेक विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि जल शुद्धिकरण के नाम पर किये जाने वाले जल शोधन प्रसंस्करण से पानी में प्रकृतिक रूप से पाए जाने वाले मिनरल्स समाप्त हो जाते हैं। परन्तु ऐसे विशेषज्ञों की आवाज़ मद्धिम पड़ चुकी है और पूरे विश्व में जल व्यवसाय शायद सबसे बड़े व्यवसाय का रूप ले चुका है। अब ज़रा याद करने की कोशिश कीजिये कि सर्वप्रथम हमें विभिन्न प्रचार माध्यमों के द्वारा यह समझाने की कोशिश की गयी कि आमतौर पर प्रचलित कुंवे,हैण्ड पंप व पाइप लाइन से मिलने वाला पेय जल प्रदूषित है,ज़हरीला है,हड्डियों को कमज़ोर करता है,कैंसर जैसी बीमारी का कारक है वग़ैरह वग़ैरह। और बड़े पैमाने पर इस तरह का दुष्प्रचार कर धीरे धीरे जल विक्रेता कंम्पनियों ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए। आज की स्थिति सब के सामने है। तो क्या पूरा देश शोधित या बोतल वाला पानी पी रहा है ? जी नहीं,केवल वही लोग शोधित जल या बोतल वाला पानी पी रहे हैं जो इतना पैसा ख़र्च कर सकते हैं। अन्यथा देश की एक बड़ी आबादी आज भी उसी सामान्य व पूर्व प्रचलित जल का सेवन कर रही है जो सदियों व दशकों से करती आ रही है। न कहीं से जल पीने के कारण मौत की ख़बर आती है न ही किसी बीमारी के फैलने की। हाँ, सामान्य व पूर्व प्रचलित जल के विरुद्ध दुष्प्रचार ने शुद्ध जल के नाम पर जल व्यवसाय का बड़ा साम्राज्य ज़रूर स्थापित कर लिया। गोया शोधित जल को बाज़ार में उतारने से पूर्व नियमित उपयोग में आने वाले जल की



विश्वसनीयता के विरुद्ध एक योजनाबद्ध प्रचार अभियान चलाकर उपभोक्ताओं के मस्तिष्क में यह बिठाने का सफल प्रयास किया गया कि सामान्य जल ज़हरीला व प्रदूषित है,इसे पीने से तरह तरह की बीमारियां लग सकती हैं और जान भी जा सकती है। उसके बाद विशाल शोधित जल व्यवसाय ने अपने पांव पसारे। आज भी आप किसी साबुन,वाशिंग पाउडर या टूथ पेस्ट का विज्ञापन देखें तो प्रायः इन विज्ञापनों में कंम्पनियां किसी दूसरे उत्पाद को %साधारण उत्पाद % बताकर उसके नुक़सान बताती हैं फिर अपने उत्पाद के फ़ायदे। यही है उपभोक्ताओं को अपनी और आकर्षित कर अपना माल बेचने का फंडा।

पतंजलि आयुर्वेद संसथान के कर्ता धर्ता रामदेव का भी कुछ ऐसा ही तर्ज़-ए-तिजारत है। चूँकि उन्हें आयुर्वेद व स्वदेशी के नाम पर बनाए जा रहे अपने विभिन्न उत्पादों को जनता तक पहुँचाना है लिहाज़ा उन्होंने यह महसूस किया कि शायद एलोपैथी चिकित्सा पद्धति उनकी आयुर्वेद व्यवसाय के प्रसार की राह का सबसे बड़ा रोड़ा है। लिहाज़ा आज से नहीं बल्कि कई वर्षों से उनका पूरा ज़ोर इसी बात पर रहता है कि किसी तरह एलोपैथी चिकित्सा पद्धति व एलोपैथी दवाइयों को छोटा,हानिकारक या अलाभकारी बताकर या उसे नीचा दिखाकर उसकी जगह आयुर्वेद विशेषकर आयुर्वेद के पतंजलि निर्मित उत्पादों को प्रचलित व लोक सम्मत किया जाए। जबकि आज तक कभी भी किसी एलोपैथी चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की बुराई करते या उसका उपहास उड़ाते नहीं देखा व सुना गया। परन्तु रामदेव ने तो इंतेहा ही कर दी। उन्होंने एलोपैथी का मज़ाक़ तो उड़ाया ही साथ ही उन डॉक्टर्स की मौत का भी मज़ाक़ बनाया जो कोरोना मरीज़ों का इलाज करने के दौरान संक्रमित होकर शहीद हो गए ? परन्तु जो रामदेव यह कहा करते थे कि मुझे तो किसी का बाप भी गिरफ़्तार नहीं कर सकता वही रामदेव अब पूरी तरह बैक फुट पर आए दिखाई दे रहे हैं। उनका यह ग़ुरूर तब टूटा है जबकि पिछले दिनों भारतीय चिकित्सक संघ द्वारा रामदेव के विरुद्ध देश के कई राज्यों में एफ़ आई आर कराने की कार्रवाई शुरू की गयी और ढ्ढरूद्वारा उनके एक हज़ार करोड़ रूपये के मानहानि के मुक़द्दमे दायर करने के समाचार आए।

# ज्ञान, योग, पवित्रता की देवी जगदम्बा सरस्वती!

### सूडोकु नवताल-5751

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5750 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

अध्यात्म एवं ज्ञान के क्षेत्र में सरस्वती को ज्ञान की देवी कहा गया है। सरस्वती, प्रजापिता ब्रह्मा की पुत्री भी हैं और जगत अम्बा भी ,जिनके द्वारा परमात्मा, हरेक की इच्छाओं को पूर्ण करता है। इसी कारण जगदम्बा की पूजा होती है। सभी की इच्छायें निराकार परमात्मा ही जगदम्बा के माध्यम से पूर्ण करते है।

जब जब भी चरित्र में गिरावट व विश्व में अशांति के बीज पनपने लगते हैं और संसार में दिव्यता की कमी, धर्म की ग्लानि होने लगती है।तब इन बुराइयों को समाप्त करने के लिए किसी न किसी महान विभूति का जन्म होता ही है। ऐसी ही एक महान विभूति हुई ,मां जगदम्बा सरस्वती जिन्हें प्यार से सब मम्मा कहकर बुलाते थे।मम्मा का बचपन का नाम राधे था। मम्मा जन्म सन 1919 को पंजाब प्रांत के शहर अमृतसर में हुआ। लौकिक पिता पीकरदास और माता रोचा की वह लाडली थी। एक दिन अचानक राधे के पिता का देहांत हो गया और राधे अपनी मां व छोटी बहन के साथ सिंध हैदराबाद में अपनी नानी व मामा के घर आ गई। राधे की पढ़ाई हैदराबाद में ही हुई। राधे ने मैट्रिक स्तर तक की पढ़ाई की।

उन्हीं दिनों ओम मंडली नामक एक सत्संग मण्डली का सत्संग दादा लेखराज के घर पर होता था। एक दिन राधे भी अपनी मां के साथ सत्संग में चली गई। उन्हें देखते ही दादा लेखराज को लगा कि यह तो उनकी वारिस बेटी है और राधे को भी लगा यह तो उनका बहुत काल से बिछुड़ा हुआ पिता है। दादा लेखराज उसी



दिन से राधे को आलौकिक परमात्म ज्ञान की शिक्षा देने लगे।17 वर्ष की अल्पायु में ही मम्मा आध्यात्मिक रूप से परिपक्व हो गयीं एवं ब्रह्माकुमारीज के यज्ञ की जिम्मेदारियों को अपने हांथों में ले लिया। एक बार जब ओम मंडली के विरुद्ध न्यायालय में केस चल रहा था, तब मम्मा ने आकर ऐसी गवाही दी जिससे न्यायाधीश भी मौन हो गये।मम्मा ने स्पष्ट किया कि किस प्रकार निराकार परमात्मा ने दादा लेखराज को माध्यम बनाया हुआ है और उनके द्वारा परमात्मा हम सबको पढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि एक मनुष्यात्मा यह सत्य ज्ञान कैसे दे सकती है? परमात्मा ही आकर हमें पवित्र रहने की ( मन,वचन.कर्म में ) श्रीमत देते हैं। हर एक मनुष्य को अधिकार है कि वह अपने जीवन की दिशा एवं उद्देश्य स्वयं निर्धारित कर सके। उनकी अध्यात्म के प्रति लग्न को देखकर कुछ ही समय में राधे को सत्संग की संचालिका बना दिया और कुछ अन्य माताओं व कन्याओं को मिलाकर एक समिति बना दी। दादा लेखराज जो उस समय हीरो के व्यापारी थे,ने ईश्वरीय बोध होने पर अपना अकूत धन व चल-अचल सम्पत्ति इस समिति रूपी ट्रस्ट के नाम कर दी। जिससे 14 वर्षों तक संस्था का खर्च चलता रहा। इस समिति रूपी ट्रस्ट का नाम आगे चलकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हुआ।

मम्मा यानि राधे सर्व गुणों की खान और मानवीय मूल्यों की विशेषताओं से सम्पन्न थीं। मम्मा ने कभी किसी को मौखिक शिक्षा नहीं दी, बल्कि अपने जीवन के अनुभव से प्रेरणा दी। इसी से दूसरे के जीवन में परिवर्तन आ जाता था। मम्मा के सामने चाहे कितना भी विरोधी, क्रोधी, विकारी, नशेड़ी आ जाता, परन्तु मम्मा की पवित्रता, सौम्यता व ममतामयी दृष्टि पाते ही वह शांत हो जाता और मम्मा के कदमों में गिर जाता था।

मम्मा की सत्यता, दिव्यता व पवित्रता की शक्ति ने लाखों कन्याओं के लौकिक जीवन को अलौकिकता में परिवर्तित कर दिया और उन कन्याओं ने अपना सीमित परिवार त्याग कर विश्व को अपना परिवार स्वीकार करके विश्व की सेवा में त्याग व तपस्या द्वारा जुटकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रति अपना जीवन समर्पित किया। मम्मा ने अपने जीवन के अनुभव से बहुत बड़ी सीख दी कि अपने जीवन को सफल बनाने के लिए व विश्व सेवा के लिए बीस नाखूनों की शक्ति लगा दो, तो सफलता अवश्य आपके हाथ आ जायेगी।

## यह कैसा धर्मांतरण है ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने धर्मांतरण के एक बहुत ही घटिया षड़यंत्र को धर दबोचा है। ये षड़यंत्रकारी कई गरीब, अपंग, लाचार और मोहताज़ लोगों को मुसलमान बनाने का ठेका लिये हुए थे। इन मजहब के दो ठेकेदारों- उमर गौतम और जहांगीर आलम कासमी- को गिरफ्तार किए जाने के बाद पता चला है कि उन्होंने एक हजार लोगों को मुसलमान बनाया है। कैसे बनाया है ? उन्हें कुरान शरीफ के उत्तम उपदेशों को समझाकर नहीं, इस्लाम के क्रांतिकारी सिद्धांतों को समझाकर नहीं और पैगंबर मोहम्मद के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों को बताकर नहीं, बल्कि लालच देकर, डरा-धमकाकर, हिंदू धर्म की बुराईयां करके। नोएडा के एक मूक-बधिर आवासी स्कूल के बच्चों को फुसलाकर योजनाबद्ध ढंग से उनका धर्मांतरण करवाया गया और उनकी शादी मुस्लिम लड़कियों से करवा दी गई। यह काम सिर्फ दिल्ली और नोएडा में ही नहीं हुआ, महाराष्ट्र, केरल, आंध्र, हरयाणा और उत्तरप्रदेश में भी इस षड़यंत्र के तार फैले हुए हैं। इस घटिया काम के लिए जांच में यह पाया गया कि उन्हें भरपूर पैसा भी मिलता रहा। इस पैसे के स्त्रोत आईएसआईएस और कुछ अन्य विदेशी एजेन्सियां भी रही हैं। इस राष्ट्रविरोधी काम को अंजाम देने का खास जिम्मा उठा रखा था, उमर गौतम ने। इसका असली नाम श्यामप्रकाश सिंह गौतम था। इसने एक मुसलमान लड़की से शादी की और कुछ वर्ष पहले मुसलमान बनने पर धर्मांतरण का काम जोर-शोर से शुरु कर दिया। गौतम से कोई पूछे कि तुम खुद मुसलमानों क्यों बने थे? क्या इस्लाम की अच्छाइयों या पैगंबर के जीवन से प्रेरणा लेकर तुम मुसलमान बने थे ? जितने लोगों को तुमने मुसलमान बनाया है, क्या वे इस्लाम के सिद्धांतों को समझते हैं और क्या वे अपने जीवन में उनका पालन करते हैं ? यदि कोई व्यक्ति किसी मजहब के सिद्धांतों को समझकर अपना धर्म-परिवर्तन करता है तो उसका यह अधिकार है। ऐसा करने से उसे कोई रोक नहीं सकता लेकिन जोर-जबर्दस्ती, लालच और वासना के कारण जो धर्मांतरण होता है, वह निकृष्ट कोटि का अधर्म है। खुद कुरान शरीफ के अध्याय 2 और आयत 256 में कहा गया है कि ''मजहब में जबर्दस्ती का कोई स्थान नहीं है।'' जो धर्मांतरण गौतम और कासमी करते रहे हैं, क्या वह इस कसौटी पर खरा उतरता है? महर्षि दयानंद, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी ने भी ईसाई पादरियों द्वारा किए जा रहे धर्म-परिवर्तन का कड़ा विरोध किया था। वास्तव में यह धर्मांतरण नहीं, धर्म का कलंकरण है। भारत के कई राज्यों ने ऐसे अनैतिक धर्मांतरण के विरुद्ध कठोर कानून बना रखे हैं।

## वन-टू-वन

### चंबल नदी में नहाने गए युवक को अब मगरमच्छ ने काटा हालत गंभीर

**अरुण शुक्ला ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड /** अटेर चम्बल किनारे बसे गाँव के एक व्यक्ति को नदी में स्नान करते समय मगरमच्छ ने कब दबोच लिया उसको पता भी नही चला पास में ही बकरी चरा रहे चरवाहों ने तत्कलीन नदी में कूद कर उस व्यक्ति की जान को बचाया बल्कि मगरमच्छ से संघर्ष कर नदी से घायल अवस्था मे व्यक्ति को बाहर निकाला है ।तब व्यक्ति की पहचान की गई तो व्यक्ति की पहचान चम्बल नदी के किनारे बसे गाँव दिन्न पुरा पंचायत मघेरा का होना बताया गया है ।घायल व्यक्ति का नाम विजय सिंह पिता रामसनेही सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी अटेर दिन्न पुरा का बताया गया है ।मौका स्थल पर गाँव के लोग पटवारी श्रीमती दीप शिखा पहुची जिन्होंने 108 इमरजेंसी एंबुलेंसको कॉल किया, पायलेट राजीव भदोरिया और ईएमटी वैभव चौधरी ने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए समय पर पहुंचकर, घायल व्यक्ति को सीकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां घायल मरीज का सका इलाज जारी है।

### योगासन एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया!

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक की रिपोर्ट**



**श्योपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बाला किले की तलहटी में स्थित सोनेश्वर महादेव मंदिर पर नेहरू युवा केंद्र श्योपुर द्वारा युवाओं को कोराना गाइड लाइन का पालन करते हुए योगासन एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया संयोजक कैलाश पाराशर, योग प्रशिक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश टक्साली के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में युवा समन्वयक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि योग जीवन की एक आवश्यकता बन गया है यदि हमें स्वस्थ रहना है तो प्रति दिन हमें कुछ समय योग को देना चाहिए उन्होंने सभी का इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया सहयोग कर्ता एनवाईवी कविता प्रजापति, योगेंद्र शिवहरे भी उपस्थित रहें।

### किसान कैसरी रोटरी क्लब पाली स्टार के शहर अध्यक्ष बने

**पाली।** रोटरी क्लब स्टार पाली के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रोटेरियन मोहन पराशर रोटरी क्लब स्टार अध्यक्ष आनंद सोलंकी ने पाली सिटी रोटरी क्लब स्टार के अध्यक्ष पद पर भंवर चौधरी किसान केसरी को मनोनीत किया है व सचिव पद पर महेश सोनी को नियुक्त किया गया। विजय राज सोनी, अंबालाल सोलंकी ,जयकिशन बजाज, हरी प्रसाद व्यास ,रामगोपाल बंग, हीरालाल सिखवाल , के एम शर्मा, जोराराम पटेल, जितेंद्र वैष्णव, विश्वेंद्र व्यास, मुरली मनोहर बोड़ा, लक्ष्मीकांत लोहाटी, शांतिलाल मंडोरा,को सदस्य नियुक्त किया गया है। भंवर चौधरी किसान केसरी के शहर अध्यक्ष की नियुक्ति होने पर पुखराज पटेल पाली प्रधान प्रतिनिधि ,उम्मीद सिंह,नवल किशोर रावल,गौतम चौधरी आदि ने खुसी व्यक्त की ।

### कोविड 19 टीकाकरण शिविर लगाया गया

**भीमसेन तोमर**
**पुष्पांजली टुडे**

**शासकीय बालक प्राथमिक विद्यालय थरा**

**आमंत्रण पत्र**

मान्यवर,

दिनांक 24 जून 2021 से थरा गांव में कोविड-19 टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है जिसमें निम्न स्थान पर टीकाकरण किया जायेगा। 18 वर्ष से अधिक आयु के समस्त नागरिकों से निवेदन है कि अपने निकटतम टीकाकरण केंद्र पर जाकर निश्चित दिनांक को टीकाकरण करवाकर स्वयं को तथा अपने परिवार को सुरक्षित करें। विद्यालय प्रशासन आपके परिवार के स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु होने की कामना करता है।

समय: प्रातः 07:00 से सांय 06:00

स्थान: शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के पास उप स्वास्थ्य केंद्र थरा

प्रशासक
जनपद शिक्षा केन्द्र अम्बाह

प्रधानाध्यापक:
राजकुमार कुशवाह
शा.बा. प्रा. वि.थरा

**थरा /** विश्व योग दिवस से म,प्र सरकार द्वारा वैक्सीनेशन महाअभियान शुरू किया जा चुका है। अब हर दिन लगातार और गांव गांव-गांव में जाकर वैक्सीन शिविर आयोजित कर लोगों को टीकाकरण के लाभ बता कर, उन्हें 18बर्ष से ऊपर के सभी परिजनों को टीका लगवा कर जान लेवा बीमारी कोरोना को हराया जा सकता है। इसी क्रम कल खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अम्बाह की ओर से प्रशासक के तौर पर आयोजित होने वाले टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज गांव के बी,एल ओ विश्वजीत के माध्यम से, प्रधान अध्यापक राज कुमार कुशवाह के द्वारा लोगों को घर घर जाकर टीका लगवाने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया है।

# शून्य लागत (जीरो बजट खेती)



कृषि में अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों कीटनाशकों,संकर बीजों एवं अधिकाधिक भूजल उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति,उत्पादन भूजल स्तर और मानव स्वास्थ्य में लगातार गिरावट देखी जा रही है कृषि में बढ़ती लागत के कारण किसान की कृषि में रूचि कम होती जा रही है एवं वर्तमान कृषि बाजार पर निर्भर बनाती है इसलिए आवश्यकता है ऐसी

कृषि पद्धति की जिसमें किसान को बाजार पर निर्भर न रहना पड़े उत्पादन में भी गिरावट ना आए मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट ना हो खाद्यान्न विषैला ना हो जिससे मनुष्य निरोगी रहे और यह शून्य लागत अर्थात जीरो बजट खेती से ही संभव है

### शून्य लागत कैसे-

(1) मुख्य फसल की लागत सह फसल से निकाल लेना और मुख्य फसल को बोनस के रूप में लेना

(2) बीज,खाद,कीटनाशक आदि बाजार से ना लेकर इसका निर्माण घर पर करना

### शून्य लागत खेती का आधार-

जिस प्रकार बिना किसी मानवीय सहायता के जंगलों में खड़े हरे-भरे पेड़ व उनके साथ रहने वाले लाखों जीव जंतु इस प्राकृतिक व्यवस्था के अनुरूप खेती करना

प्राकृतिक व्यवस्था- पौधों के पोषण के लिए सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रकृति मैं विद्यमान है उन्हें भोजन के रूप मे बदलने का कार्य मृदा में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीव करते है इस पद्धति में पौधों को भोजन ना देकर भोजन का निर्माण करने वाले सूक्ष्म जीवो की उपलब्धता पर जोर दिया जाता है

पौधों के पोषण की प्रकृति में चक्रीय व्यवस्था है पौधे अपने पोषण के लिए मृदा से सभी पोषक तत्व ग्रहण करते हैं एवं फसल के पकने के बाद कास्ट पदार्थ (कूड़ा करकट)के रूप में मिट्टी में मिलकर अपघटित होकर मृदा को उर्वरा शक्ति के रूप में लौटते हैं

### कृषि में देसी गाय का महत्व-

एक देसी गाय के गोबर में करोड़ों सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं गाय के गोबर में गुड़ एवं अन्य पदार्थ डालकर किंडवन (Fermentation) की क्रिया के फलस्वरूप जीवामृत /घन जीवामृत से करोड़ों सूक्ष्म जीवाणु भूमि में उपलब्ध तत्वों से पौधों का भोजन निर्माण करते हैं

### कृषि में देसी केचुओ का महत्व-

केंचुआ मिट्टी बालू पत्थर खाता हुआ 15 फीट गहराई तक भूमि के अंदर जाता है नीचे से पोषक तत्वों को ऊपर लाता है तथा अपनी विस्टा को छोड़ता है जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्वों का भंडार होता है केंचुआ भूमि मैं दिन-रात करोड़ों छिद्र बनाकर भूमि की जुताई कर भूमि को मुलायम बना देता है इसलिए केंचुआ को प्राकृतिक हलवाहा भी कहा जाता है क्योंकि केंचुआ जिस छिद्र से नीचे जाता है कभी उससे ऊपर नहीं आता इससे मृदा की जल धारण क्षमता में भी वृद्धि होती है

### शून्य लागत प्राकृतिक कृषि के चरण-

1- वीजामृत (बीज शोधन)- 5 किलो गाय का गोबर, 5 लीटर गोमूत्र, 50 ग्राम चूना, एक मुट्ठी मिट्टी बरगद/ पीपल के पेड़ के नीचे से अथवा मेड की मिट्टी ले इसे 20 लीटर पानी में मिलाकर 24 घंटे रखें दिन में दो बार लकड़ी से घोले इससे 100 किलो बीज उपचार करें छांव में सुखाकर बुवाई करें

2- जीवामृत- जीवामृत सूक्ष्म जीवाणुओं का महासागर है जो पेड़ पौधों के लिए कच्चे पोषक तत्वों को पकाकर पौधों के लिए भोजन तैयार करते हैं गोमूत्र 5 -10 लीटर, गोबर 10 किलो, गुड़ 1- 2 किलो, दलहन आटा 1-2 किलो, एक मुट्ठी( 100ग्राम ) जीवाणु युक्त मिट्टी, पानी 200 लीटर मिलाकर ड्रम को जूट की बोरी से ढककर छाया में रखें सुबह शाम डंडा से घड़ी की सुई की दिशा में घोले 48 घंटे बाद छानकर 7 दिवस के अंदर ही प्रयोग करें

### जीवामृत प्रयोग विधि-

200 लीटर जीवामृत पानी के साथ धीरे-धीरे या टपक विधि से 1 एकड़ क्षेत्र में बहा दें छिड़काव विधि से पहला छिड़काव बुवाई के एक माह बाद 1 एकड़ में 100 लीटर पानी में 5 लीटर जीवामृत मिला कर दें दूसरा छिड़काव 21 दिन बाद 1 एकड़ में 150 लीटर पानी व 10लीटर जीवामृत मिलाकर दें तीसरा व चौथा छिड़काव 21-21 दिन बाद 1 एकड़ में 200 लीटर पानी व 20लीटर जीवामृत मिला कर दें आखिरी छिड़काव दाने में दूध बनने की अवस्था पर प्रति एकड़ में 200 लीटर पानी, 5 -10 लीटर खट्टी छाछ मिलाकर छिड़काव करें

### घन जीवामृत-

घन जीवामृत जीवाणुयुक्त सूखा खाद है जिसे बुवाई के समय या पानी के 3 दिन बाद भी प्रयोग कर सकते हैं गोबर 100 किलो, गुड़ 1 किलो, आटा दलहन 1 किलो, 100 ग्राम जीवाणुयुक्त मिट्टी इसमें लगभग 5 लीटर गोमूत्र मिलाए जिससे हलवा/ पेस्ट जैसा बन जाए इसे छाया में 48 घंटे तक बोरी से ढक कर रखें उसके बाद फैलाकर छाया में ही सुखा लें एवं बारीक करके बोरी में भरें इसका प्रयोग 6 महीने तक कर सकते हैं 1 एकड़ में एक कुंटल तैयार घन जीवामृत प्रयोग करना चाहिए

### आच्छादन/मल्चिंग-

**जब भूमि का**

कास्ठ पदार्थो, घास फूस या अन्य प्रकार से आच्छादन करते हैं तो सूक्ष्म पर्यावरण का निर्माण होता है और देसी केंचुआ,सूक्ष्म जीवाणुओं को उपयुक्त वातावरण मिलता है एवं मृदा नमी का वाष्पीकरण नहीं हो पाता या कम हो जाता है बाद में यह आच्छादन के प्रयोग में लाई गई सामग्री भूमि में अपघटित होकर मृदा उर्वरा शक्ति को बढ़ाती है इससे सह फसलों द्वारा भी भूमि को सजीव आच्छादन द्वारा ढका जा सकता है

### बेड व नाली व्यवस्था द्वारा जल की बचत-

जड़े सीधे पानी ना लेकर मिट्टी कणों के बीच वाफसा (50त्नहवा व 50त्नवाष्प) को लेती हैं ऊंचे तैयार बेड पर फसलों को नालियों द्वारा पौधों की सिंचाई वाफसा के रूप में उपलब्ध कराने से पानी बहुत कम लगता है नालियों को भी आच्छादन से ढक दिया जाता है जिससे वाष्पीकरण ना हो

### बहुफसली पद्धति-फसल चक्र-

मिश्रित फसलों को लेने पर फसलों की जड़े सह अस्तित्व के आधार पर रोगों एवं कीटों से बचाव तथा प्राकृतिक संसाधनों (नत्रजन,प्रकाश, जल,क्षेत्र आदि) का बंटवारा कर लेती हैं एक दलीय के साथ द्विदलीय दलहन के साथ अनाज व तिलहन, गन्ना के साथ प्याज एवं सब्जियां, पेड़ों की छाया में हल्दी,अदरक,अरबी जैसे प्रयोगों से भूमि को नत्रजन स्वतः प्राप्त हो जाती है

### ध्यान देने योग्य बातें-

इस पद्धति में कीटनियंत्रको की आवश्यकता ही नहीं पड़ती क्योंकि कीट आते ही नहीं है फिर भी आवश्यकता पड़ने पर गोबर,गोमूत्र,

छाछ एवं वनस्पतियों द्वारा तैयार नीमस्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नियास्त्र, फफूंद नाशक, दशपर्णी अर्क आदि बनाई जाती है

प्राकृतिक कृषि मे देसी बीज ही प्रयोग करें हाइब्रिड बीजों से अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे

प्राकृतिक कृषि में भारतीय नस्ल का देशी गोवंश ही प्रयोग करें

जीवाणु युक्त मिट्टी हेतु बट वृक्ष, पीपल के नीचे या मेड की मिट्टी ले

पौधों व फसल की पंक्ति की दिशा उत्तर दक्षिण हो दलहन फसलों की

### सह फसलें करनी चाहिए

वर्मी कंपोस्ट बनाने में आयसेनिया फीटीडा नामक जंतु प्रयोग होता है केचुआ नहीं यह जंतु कैडमियम, आर्सेनिक,पारा,सीसा आदि विषैले तत्व छोड़ता है जो कि भूमि के लिए हानिकारक है पौधों का भोजन जड़ के निकट ही बनना चाहिए यदि किसी दूसरे स्थान पर बनाकर खाद (कंपोस्ट) लाकर खेतों में डाला जाएगा तो मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीवाणु निष्क्रिय हो जाएंगे

**डॉ. जयदीप सिंह भदौरिया**
**विकासखंड तकनीकी प्रबंधक**
**÷आत्मा÷ विकास खंड कैलारस, मुरैना**

# राज्य सरकार की अल्पसंख्यक के विरोधी नीतियों और कुशासन को लेकर धरना प्रदर्शन

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

पाली ।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया व प्रदेशाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एम सादिक प्रदेश महामंत्री हमीदखान मेवाती इकराम रशीद कुरेशी के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिलोकराम चौधरी व जिला मीडिया प्रभारी गिरीश अग्रवाल ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष मंशाराम परमार के सानिध्य में सुबह 11ः00 बजे सूरजपोल सर्कल पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिलेभर के कार्यकर्ताओं द्वारा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीज कोहिनूर के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस की राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यको पर विरोधी नीतियों व कुशासन के सहित अल्पसंख्यक पर हो रहे अत्याचार को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मंशाराम परमार, पाली सांसद पी पी चौधरी, जिला प्रमुख रश्मि सिंह, विधायक ज्ञानचंद पारख, नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी, पूर्व सभापति पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र बोहरा, नगर विकास न्यास पूर्व चेयरमैन संजय ओझा, उपसभापति ललित प्रीतमानी, पूर्व उपसभापति मूलसिंह भाटी, जिला महामंत्री मोहन जाट, सुनील भंडारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंच प्रदेश अध्यक्ष जहीर मकरानी, भाजपा नेता मुन्ना मकरानी, भारतीय जनता पार्टी महाराणा प्रताप मंडल सोमनाथ मंडल शिवाजी मंडल के सभी मंडल अध्यक्ष और अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहकर धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा ।धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीज कोहिनूर, सलीम घोसी लियाकत, अजमेरी अब्दुल गफ्फार शेख, दिलावर पठान, सलाम शेख, इमरान चूड़ी घर, साबिर चौहान, रफीक भाटी, मोहब्बत अब्बासी, हफीज फौजदार, सहित जिले के सभी मंडलों के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ता जुटे हुए है।

# हमारा मकसद कोरोना से आप सब को बचाना : अभय

### युवा गहोई सेना द्वारा आदिवासी डेरा व वार्ड 34 में श्रीजी कोरोना सुरक्षा किट बांटी गईं

**संदीप प्रधान**
**पुष्पांजली टुडे**



दतिया के आदिवासी डेरा व वार्ड 34 में युवा गहोई सेना दतिया के तत्वावधान में श्रीजी कोरोना सुरक्षा किट वितरण अभियान के तहत जिला सचिव अभिषेक गंधी के नेतृत्व में आदिवासी डेरा व वार्ड 34 में जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर सदस्यों द्वारा सभी लोगों का आक्सीजन थर्मल मशीन व टेंपेरेचर मशीन से स्वास्थ्य चैकअप किया गया। तथा सदस्यों द्वारा कोरोना बचाओ हेतु श्रीजी कोरोना सुरक्षा किट (मास्क, सेनिटाइजर,सामान्य टेबलेट) का आदिवासी डेरा व वार्ड 34 के जरूरतमंद परिवारों के लोगों को किट का वितरण किया गया तथा सदस्यों द्वारा सभी से मास्क लगाने की अपील की गई। तथा दतिया के लोकप्रिय युवा समाजसेवी युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी ने कहा कि हमारा मकसद कोरोना से आप सब को बचाने का है हमारा यह अभियान दतिया व दतिया के आसपास क्षेत्रों में कई दिनों से निरंतर चल रहा हम सब कोरोना से बचाओ हेतु श्री जी कोरोना सुरक्षा किट निशुल्क उपलब्ध करा रहे ताकि एक भी परिवार, एक भी इंसान कोरोना के कारण काल के गाल में ना समा सके इसके अलावा अभय नेताजी ने नागरिकों को वैक्सीनेशन के प्रति प्रेरित किया। तथा अभिषेक ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल में हमारे संगठन के द्वारा जागरूकता शिविर लगाकर पहले भी इस तरह के कार्य किये जा चुके हैं और आगे भी जारी रहेगे। आमलोगों की हरसंभव मदद करने की कोशिश ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है व आज लगभग 55-60 किटे बांटी गई इस अवसर पर अभिषेक मलैया, अभिषेक गंधी, अभय नेताजी,आशीष तथा वार्डवासी व आमजन,महिलाएं व युवा उपस्थित रहे।

## नारों के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में दतिया निकली टीकाकरण जनजागरूकता रैली

**संदीप प्रधान उप संपादक**

**दतिया /** टीकाकरण महा अभियान के तहत् लोगों को टीका लगवाने के प्रति जागरूक करने हेतु दतिया नगर में कलेक्टर श्री संजय कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर के नेतृत्व में बुधवार को जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, क्रायसिस मैनेजमेंट समूह के सदस्य आदि ने हाथों में कोरोना से बचाव हेतु नारे लिखी तख्ती लेकर नागरिकों को कोरोना के प्रति जागरूक कर टीका लगवाने की अपील की।

कलेक्टर श्री कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री राठौर स्वयं अपने हाथों में तख्ती थामे हुए राजगढ़ चैराहे से जनजागरूकता रैली का नेतृत्व करते हुए तिगैलिया, टाऊन हॉल, पटवा तिराहा, किला चैक बाजारों से गुजरते हुए दुकानदारों एवं आम नागरिकों से कोरोना से बचाव हेतु टीकाकरण करवाने की अपील की। उन्होंने नागरिकों को समझाईश दी की अगर टीका नहीं लगवाया है तो समीप के टीकाकरण केन्द्र पर जाकर टीका अवश्य लगवाये।।




इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रैली के मार्ग में पड़ने वालें बैंकों एवं कार्यालय में जाकर भी लोगों को टीकाकरण हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना से बचने का एक ही शस्त्र है वह टीका। अतः टीका अवश्य लगवायें।

### वैक्सीन नहीं संजीवनी है

जनजागरूकता रैली में कोरोना से बचाव एवं टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु तख्तियों पर लिखे हुए नारों ÷स्वयं के लिए एवं अपने परिवार के लिए टीका लगवायें वैक्सीन ही बचाव है बाकी सब अफवाह है कोरोना हारेगा हम जीतेगे वैक्सीन नहीं संजीवनी है जैसे नारो ने लोगों को टीकाकरण हेतु काफी प्रभावित किया। ऐसे दुकानदार एवं ग्राहक जो मास्क नहीं लगाये हुए थे उनके ऊपर जुर्माने की कार्यवाही भी की गई।

### टीकाकरण अभियान का जायजा लिया

कलेक्टर श्री कुमार ने टीकाकरण जनजागरूकता रैली के दौरान सिटी अस्पताल पहुंचकर किये जा रहे टीकाकरण कार्य का निरीक्षण कर टीकाकरण लगवाने हेतु आए लोगों से चर्चा करते हुए अपील की कि वे एवं उनके परिजन तथा आस-पास के लोगों को कोरोना से बचाव हेतु टीका लगवाने हेतु प्रेरित करें। जन-जागरूकता रैली में अपर कलेक्टर श्री एके चॉदिल, श्री प्रशांत ढेंगुला, श्री योगेश सक्सैना, श्री रफीक राईन, समाजेवी डॉ. राजू त्यागी, श्रीमती श्वेता गौरे, सुश्री क्रांति राय, श्रीमती लक्ष्मी अहिरवार, श्रीमती रंजना भटनागर, श्रीमती किरण गुप्ता, श्रीमती कल्लो बाई, श्री जगत शर्मा, श्री भानू शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनिल दुबे आदि साथ थे। इस दौरान टीकाकरण जागरूकता से पंपलेटों का भी वितरण किया गया।

## नैनो न्यूज

### पिता बोले कड़ी मेहनत और दुआओं से यहां तक पहुंची है शेफाली



**रोहतक (ए)।** डेब्यू टेस्ट मैच में ही भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा के परिवार में आजकल खुशी का माहौल है। शेफाली के पिता का कहना है कि यह सब उनकी बेटी की कड़ी मेहनत और देश के लोगों की दुआओं की वजह से संभव हुआ है। 17 साल की शैफाली ने इंग्लैंड के खिलाफ हुए एकमात्र टेस्ट मैच में 152 गेंदो में 96 रनों की पारी खेलकर 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। शेफाली अभ्यास के दौरान लड़कों की गेंदबाजी पर भी तेज शॉट खेलती थी। इसी का परिणाम है कि शेफाली पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। शेफाली के पिता संजीव ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है, जो आज रोहतक ही नहीं, बल्कि पूरे देश का भी नाम ऊंचा कर ही है।मैच से पहले बेटी से फोन पर हुई बात के दौरान पिता ने शेफाली से टाइमिंग पर ध्यान देते हुए निडर होकर खेलने के लिया कहा था। शेफाली और भाई साहिल दोनों एक साथ मैदान पर अभ्यास करते थे। साहिल ने कहा कि शेफाली दूसरे खिलाड़ियों से काफी अलग थी। क्रिकेट मैच में अच्छे लड़कों के सामने बल्लेबाजी कर अधिक रन बनाकर बेहतरीन प्रदर्शन करती थी। कोच शेफाली की बल्लेबाजी देखकर उसे काफी प्रेरित करते थे। जिसकी वजह से शैफाली आज यहां तक पहुंची है।

### नडाल के जन्मदिन पर स्पेन मनाएगा नैशनल टेनिस डे

**बार्सिलोना(ए)।** स्पेन सरकार ने टेनिस स्टार राफेल नडाल के जन्मदिन को नेशनल टेनिस डे के तौर पर मनाने की घोषणा की है । सरकार ने यह कदम नडाल को सम्मानित करने के लिए लिए उठाया है। रॉयल स्पैनिश टेनिस फैडरेशन के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है। फैडरेशन के प्रेसिडेंट मिगुल डियाज ने कहा कि मैं नडाल के खेल के बारे में यूरोस्पोर्ट की टिप्पणियों को सुन रहा था और मैं तुरंत समझ गया कि यह विचार शानदार था। स्पेनिश टेनिस में जश्न मनाने के लिए इससे बेहतर कुछ और नहीं होगा। हमारे पास अब तक के सबसे बेहतर टेनिस खिलाड़ी हैं। हम डेविस कप चैंपियन हैं और हम बिली जीन किंग कप के फाइनल में हैं। मुझे लगता है, जैसा कि मैं कहता हूं, हमारे पास जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ है। स्पेन सरकार अगले साल तीन जून 2022 से नेशनल टेनिस डे मनाएगी। नडाल ने पिछले दिनों ही विबंलडन और टोक्यो ओलिम्पिक में हिस्सा न लेने की बात की थी। नडाल ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट में लिखा था कि हैलो सबको। मैंने इस साल विंबलडन चैंपियनशिप और टोक्यो में ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। यह फैसला कभी भी आसान नहीं होता है, पर अपने शरीर के संकेत समझने और अपनी टीम के साथ इस पर चर्चा करने के बाद मैं समझता हूं कि यह सही फैसला है।

### टॉयकैथॉन-2021 का लक्ष्य भारत को 100 बिलियन अमरीकी डॉलर के वैश्विक खिलौना विनिर्माण बाजार में स्थान दिलाना

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और वस्त्र मंत्री स्मृति जुबिन इरानी और शिक्षा राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने आज टॉयकैथॉन-2021 के ग्रैंड फिनाले का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। टॉयकैथॉन-2021 का आयोजन शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से पांच अन्य मंत्रालयों-महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय के समन्वय से किया जा रहा है। यह अंतर-मंत्रालयी टॉयकैथॉन स्थानीय सामग्रियों का उपयोग करके नए और अभिनव खिलौनों की अवधारणा पर केंद्रित है जो भारतीय और वैश्विक, दोनों बाजारों के लिए असाधारण उच्च गुणवत्ता के साथ किफायती, सस्ते, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल हैं। श्रीमती स्मृति जुबिन इरानी ने उस क्षण को ऐतिहासिक बताया जब देश का पहला खिलौना हैकैथॉन दुनिया को समर्पित किया जा रहा है। बाल विकास मंत्री ने टॉयकैथॉन 2021 में विचार प्रस्तुत करने वाली 17749 व्यक्तिगत टीमों की सराहना की।

# छह साल की महक ने की कमाल की बल्लेबाजी, क्रिकेटर मिताली राज ने बढ़ाया मदद का हाथ

**नई दिल्ली (ए)।** क्रिकेट हमेशा से भारत में सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले खेलों में से एक है। क्रिकेट बच्चों को भी अपनी तरफ आकर्षित करता है। हाल के दिनों में एक 6 साल की बच्ची का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेहद शानदार बल्लेबाजी करती दिखाई दे रही हैं। इस बच्ची के वीडियो पर आनंद महिंद्रा, मिताली राज और जेमिमा रोड्रिग्स जैसे दिग्गजों की नजर भी गई हैं। इन्होंने न सिर्फ इस नन्ही बच्ची की तारीफ की, बल्कि उसकी तरह से मदद का भी वादा किया है। इस बच्ची का नाम महक फातिमा है, जो केरल के कोझिकोड की रहने वाली है।

सोशल मीडिया पर इस बच्ची की बल्लेबाजी के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं। महक फातिमा के नाम का एक इंस्टाग्राम अकाउंट है, जिस पर बच्ची के सभी वीडियो देखे जा सकते हैं। महक इन वीडियो में रूटीन ड्रिल करती नजर आती हैं। इसके अलावा वह पैड, हेलमेट और ग्लव्स जैसे सेफ्टी गियर्स का इस्तेमाल कर शानदार बल्लेबाजी भी करती हैं। महक फातिमा का कौशल उनकी बल्लेबाजी में साफ दिखाई देता है, क्योंकि वह कई शॉट्स, स्ट्रेट ड्राइव और पुल शॉट्स को बेहद शानदार अंदाज में खेलती हैं। महक के वीडियो ने भारतीय क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स और मिताली राज का भी ध्यान खींचा है। कई अन्य लोगों ने भी इस स्मॉल वंडर गर्ल के लिए कमेंट्स किए हैं। मिताली राज ने इस वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, महक फातिमा के पास उनका समर्थन और आशीर्वाद दोनों हैं और खेल को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक सभी छोटी लड़कियों को हमेशा उनका आशीर्वाद मिलता है। अनुभवी बल्लेबाज मिताली राज ने महक फातिमा के माता-पिता से उन्हें किसी भी सहायता की आवश्यकता के बारे सीधे मैसेज करने के लिए आग्रह किया।



महक फातिमा ने लगभग सात महीने पहले खेलना शुरू किया था। फातिमा की मां खादीजा ने बताया कि महक ने अपने पिता से पूछा था कि क्या आप मुझे इसलिए नहीं क्रिकेट सिखा रहे हैं, क्योंकि मैं एक लड़की हूं? तभी उसके पिता को एहसास हुआ कि महक की भी खेल में दिलचस्पी है। तब से वह औपचारिक क्रिकेट प्रशिक्षण के लिए जा रही है। परिवार में भी क्रिकेट चलता है। फातिमा के पिता मुनीर ने भी दावा किया कि 13 साल की उम्र में वह कालीकट विश्वविद्यालय के लिए खेलते थे। उसके भाई ने भी 18 महीने की छोटी सी उम्र में बल्ले और गेंद से खेलना शुरू कर दिया था। फातिमा की मां खादीजा ने कहा फातिमा अब क्रिकेट के प्रति इतनी समर्पित हैं कि वह अपने पिता के साथ सारा दिन घर के अंदर खेलती रहती है। वह भविष्य में क्रिकेटर बनने की ख्वाहिश रखती हैं।

## इंग्लैंड को इंग्लैंड में हराना भारत के लिए काफी मुश्किल भरा होगा



**लंदन (ए)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज एलेस्टेयर कुक का मानना है कि भारतीय टीम के लिए मेजबान को पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हराना आसान नहीं होगा। भारतीय टीम इस समय साउथम्पटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेल रही है। इसके बाद चार अगस्त से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है।

कुक ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि वह कितनी बेहतरीन टीम है क्योंकि वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल रही है। उसके बाद हालांकि इंग्लैंड को उसकी धरती पर पांच टेस्ट मैचों में हराना आसान नहीं होगा। यह काफी कठिन श्रृंखला रहेगी। टीम लंबे समय तक यहां रूकेगी लिहाजा मानसिक रूप से काफी थक जाएगी।भारत की शुरूआत अच्छी होगी लेकिन इंग्लैंड को इंग्लैंड में हराना काफी मुश्किल है। मुझे लगता है कि शुरूआत में सब्र से काम लेने पर इंग्लैंड यह श्रृंखला जीत सकता है। इंग्लैंड को भारत ने अपनी मेजबानी में 3-1 से हराया। इसके बाद न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला 1-0 से जीती। कुक ने कहा कि गलत रोटेशन नीति का खामियाजा इंग्लैंड को भुगतना पड़ा है, इसकारण कप्तान जो रूट को उनकी सर्वश्रेष्ठ एकादश नहीं मिल सकी। इंग्लैंड के लिए खेलते समय या अगर आप कप्तान, कोच या चयनकर्ता है,तब नतीजों के आधार पर आपका आकलन होता है और रूट को उसके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं मिल सके। बेन स्टोक्स, जोस बटलर, जॉनी बेयरस्टॉ जैसे खिलाड़ी काफी अंतर पैदा करते हैं।

## मैं अगले साल भी विश्व कप खेलने के लिए तैयार: इमरान ताहिर



**केपटाउन (ए)।** क्रिकेट की दुनिया में 40 से उपर की उम्र के सक्रिय खिलाड़ी बहुत कम हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि खेल विकसित हो गया है और 40 के बाद अपने करियर को आगे बढ़ाना काफी मुश्किल है। दक्षिण अफ्रीका के लेग स्पिनर इमरान ताहिर के लिए ऐसा नहीं है और उम्र सिर्फ उनके लिए एक संख्या है। वर्तमान में पाकिस्तान सुपर लीग में खेल ताहिर ने आगामी टी20 विश्व कप में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है।

मुल्तान सुल्तानों के लिए खेलते हुए ताहिर पीएसएल के मौजूदा सत्र में बेहद सफल रहे हैं। उन्होंने 6 मैचों में 13.70 की औसत और 6.52 की इकॉनमी से 10 विकेट लिए हैं। हाल ही में बातचीत में उनसे पूछा गया कि क्या वह आगामी टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलने के लिए तैयार हैं? इस पर लेग स्पिनर ने जवाब दिया कि वह अगले साल का टूर्नामेंट खेलने के लिए भी तैयार हैं। ताहिर ने एक साक्षात्कार में कहा, जब तक मैं इसका आनंद ले रहा हूं, मैं आगामी विश्व कप या अगला विश्व कप खेलना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि वह प्रोटियाज (दक्षिण अफ्रीका) का हिस्सा थे जो आईसीसी टी20 विश्व कप खेलने जा रहा था, जो पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाला था लेकिन महामारी के कारण वह स्थगित हो गया। अगर मैं पीएसएल में खेल रहा हूं तो मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं भी सेवानिवृत्त नहीं हुआ हूं। मैं पिछले साल विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम का सदस्य था जो कोविड के कारण नहीं हुआ था।

## आईपीएल के बचे हुए सत्र में शायद ही खेलें बटलर सहित इंग्लैंड के कई क्रिकेटर



**लंदन (ए)।** इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज जोस बटलर आईपीएल के बचे हुए सत्र में शायद ही खेलें। बटलर का न खेलना उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए करारा झटका होगा। बटलर के आईपीएल 2021 सत्र के बचे हुए मैचों में खेलने की संभावना इसलिए नहीं है क्योंकि इसी दौरान उनकी टीम को बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। ऐसे में बटलर ही नहीं इंग्लैंड के कई खिलाड़ी आईपीएल से बाहर रहेंगे। बटलर ने कहा कि मुझे लगता है कि हम बहुत क्रिकेट खेलते हैं और हम समझते हैं कि यह एक छोटा करियर है ऐसे में जितना हो सके आप उतना खेलना चाहते हैं, लेकिन निश्चित समय पर मुझे नहीं लगता कि यह संभव है और मुझे लगता है कि कोरोना महामारी के कारण यह और भी कठिन हो गया है क्योंकि कई दिनों तक लगातार जैव सुरक्षा घेरे में रहना पड़ता है। जब आप क्रिकेट नहीं खेल पाते हैं तो यह हमेशा निराशाजनक होता है। मैं अच्छा महसूस कर रहा था और चीजें अच्छी चल रही थीं, लेकिन अगर मुझे एक और मौका मिलता है तो मैं उस मनोबल को बरकरार रखूंगा। बटलर ने कहा कि साथ ही एक खिलाड़ी के रूप में जो मददगार रहा है, वह कोचों और कप्तानों के साथ आपकी बातचीत है। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड के कुछ खिलाड़ियों को मार्च और अप्रैल में आईपीएल में खेलने की अनुमति दी गई थी। इस कारण वे न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट नहीं खेल पाए थे, ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच देर से कैलेंडर में जोड़े गए थे।

वहीं इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) पहले ही अपने खिलाड़ियों के साथ सहमत हो गया था कि वे भारत में पूरा टूर्नामेंट खेल सकते हैं पर यह बीच सत्र में ही निलंबित होगा। इसके बाद ईसीबी के पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक एश्ले जाइल्स ने कहा कि बचे हुए आईपीएल सत्र के साथ टकराव होने पर उन्हें उम्मीद है कि इंग्लैंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने पर ही ध्यान देंगे।

## ओलंपिक में प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों पर देश को गर्व: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा है कि हमें इन खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के योगदान पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही ट्वीट कर टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना 23 जून 1894 को पेरिस में की गयी थी। इसलिए इस दिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस पहली बार आजादी के बाद साल 1948 में मनाया गया था। मोदी ने कहा, ''आज ओलंपिक दिवस के अवसर पर मैं उन सभी खिलाड़ियों की सराहना करता हूं जिन्होंने विभिन्न ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। खेल के प्रति उनके योगदान और अन्य खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए देश को उन सभी पर गर्व है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि अब से कुछ सप्ताह बाद ही टोक्यो ओलंपिक आरंभ होने वाला है। उन्होंने भारतीय दल के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

## इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लि. का शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़ा

**नई दिल्ली (ए)।** इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लि. का बीते वित्त वर्ष 2020-21 का शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 325 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वसूली में सुधार तथा डूबे कर्ज में कमी से कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में आईआईएफसीएल ने 94 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। सार्वजनिक क्षेत्र की बुनियादी ढांचा वित्तपोषण कंपनी का अकेले का मुनाफा इस दौरान पांच गुना होकर 286 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो 2019-20 में 51 करोड़ रुपये रहा था। आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पी आर जयशंकर ने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 में कंपनी ने 20,892 करोड़ रुपये का कर्ज मंजूर किया और 9,460 करोड़ रुपये का वितरण किया। दोनों में कंपनी ने नया उच्चस्तर हासिल किया है। उन्होंने कहा कि कंपनी की संपत्ति की गुणवत्ता बेहतर हुई है। शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 9.75 प्रतिशत से घटकर 5.39 प्रतिशत पर आ गई। जयशंकर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक हम इसे चार प्रतिशत पर लाने का प्रयास करेंगे।

## आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री में मदद के लिए सरकार ने बोलियां आमंत्रित की




**नई दिल्ली (ए)।** सरकार ने आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री में मदद करने के लिए सौदा सलाहकारों और कानूनी फर्मों से बोलियां आमंत्रित की। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मई में प्रबंधन नियंत्रण हस्तांतरण के साथ आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश को लेकर सैद्धांतिक मंजूरी दे दी थी। आईडीबीआई बैंक में वर्तमान में केन्द्र सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) दोनों की 94 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। वर्तमान में बैंक का प्रबंधन नियंत्रण एलआईसी के पास है। एलआईसी की बैंक में 49.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि सरकार 45.48 प्रतिशत की शेयरधारक है। वहीं गैर- प्रवर्तकों के पास बैंक की 5.29 प्रतिशत शेयरधारिता है।निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने इसकी जानकारी देते हुये कहा कि सौदा सलाहकारों और कानूनी सलाहकारों दोनों के लिये बोलियां सौंपने की आ?खिरी तिथि 13 जुलाई है। आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री में सौदा सलाहकार सरकार को सौदे के तौर तरीकों और विनिवेश के समय पर सलाह देगा और सहायता उपलब्ध करायेगा। इस विनिवेश अथवा बिक्री में अन्य जरूरी मध्यस्थों की जरूरत के बारे में सिफारिश करेगा इसके साथ ही सौदे के लिये उचित संदर्भ शर्तों के साथ इनकी पहचान और चयन में भी मदद करेगा। बोलियों के लिये जारी प्रस्ताव के लिये आग्रह (आरएफपी) की पात्रता शर्तों में कहा गया है कि बोली वही कंपनी लगा सकेगी जिसने अप्रैल 2016 से लेकर मार्च 2021 के दौरान 5,000 करोड़ रुपये अथवा इससे अधिक आकार की रणनीतिक बिक्री, विनिवेश, विलय एवं अधिग्रहण गतिविधियों, निजी इक्विटी निवेश सौदों को लेकर सलाहकार का काम किया हो।

## भारतीय खाद्य निगम द्वारा मई 2021 से अब तक 2,353 खाद्यान्न रेक लोड किए

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्र सरकार की एजेंसी भारतीय खाद्य निगम ने सभी 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 21 जून 2021 तक 76.72 लाख मीट्रिक टन मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति की है। 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों अर्थात आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पुद्दुचेरी, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा एवं पश्चिम बंगाल ने मई-जून 2021 के लिए आवंटित संपूर्ण खाद्यान्न उठा लिया है। 14 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, असम, बिहार, दमन दीव दादरा एवं नगर हवेली, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड ने मई, 2021 का शत प्रतिशत आवंटित अनाज उठा लिया है और जून, 2021 के लिए यह अभी जारी है। एफसीआई ने पहले ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पर्याप्त खाद्यान्न स्टॉक की व्यवस्था कर ली है। फिलहाल केंद्रीय पूल के तहत 593 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 294 लाख मीट्रिक टन चावल (कुल 887 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न) उपलब्ध है। एफसीआई सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश में खाद्यान्न उपलब्ध करा रहा है। पहली मई 2021 से एफसीआई द्वारा 2353 खाद्यान्न रेक लोड किए गए हैं, यानी दैनिक आधार पर औसतन 45 रेक लोड हुए। भारत सरकार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न के वितरण को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए संवेदनशील बनाया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना मौजूदा कोविड महामारी के दौरान पात्र लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा प्रदान कर रही है और इस प्रकार से लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा भी मिल रही है।

# हॉलमार्किंग नहीं है तो सोना बेचने या ऋण लेने में आ सकती है दिक्कत



### नया नियम उन ग्राहकों को दिक्कत देगा जिनके पास पुराने और गैर-हॉलमार्किंग आभूषण हैं

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार ने सोने के गहनों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य कर दी है जिससे सोना बेचने या ऋण लेने में आपको परेशानी आ सकती है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं कि अधिकांश भारतीयों के पास बिना हॉलमार्क वाला सोना है। अगर वे सोना बेचना चाहते हैं तो पहले हॉलमार्क एजेंसी से सोने की हॉलमार्किंग करवा चाहिए। यह नियम लोगों को बहुत अधिक प्रभावित नहीं करेगा लेकिन यह उन ग्राहकों को दिक्कत दे सकता है जिनके पास पुराने और गैर-हॉलमार्किंग आभूषण हैं। दिक्कत को लेकर ज्वैलर्स अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन आशीष पेठे कहते हैं हॉलमार्किंग अनिवार्य होने से गोल्ड लोन पर असर पड़ेगा।

गोल्ड लोन के लिए पुरानी ज्वलरी की हालमार्किंग की कीमत ज्यादा बैठेगी। वैसे लोगों के लिए हॉलमार्किंग का चार्ज 35 रुपए प्रति ज्वैलरी है लेकिन दिक्कत यह है कि हॉलमार्किंग सिर्फ 22 कैरेट, 18 कैरेट, 14 कैरेट में है। अब यदि ज्वैलरी 20 कैरेट की है तो उसे 18 कैरेट में तब्दील करने के लिए पहले उसे गलवाना पड़ेगा और इसे फिर से बनबाने का मैकिंग चार्ज भी देना होगा। मॉर्टगेज गोल्ड पर मंत्रालय से बातचीत चल रही है। सरकार ने कमेटी का गठन किया है। गोल्ड लोन देने वाली बड़ी कंपनी मनप्पुरम ने बताया कि मणप्पुरम आरबीआई के तहत एनबीएफसी के रूप में रजिस्टर्ड है। इसी नियम के तहत कंपनी इस्तेमाल किए गए घरेलू सोने के आभूषणों को गिरवी रख पैसा उधार देती है। कंपनी के मुताबिक गोल्ड हॉलामार्किंग का नियम खुदरा ज्वैलरी बेचने वालों पर लागू होता है लेकिन अब यह जरूर होगा कि गिरवी रखने के लिए आने वाले सोने की गुणवत्ता अच्छी होगी।

## विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी की करोड़ों की संपत्ति बैंकों को ट्रांसफर

**मुंबई (ए)।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी तीनों की 9,371 करोड़ रुपये की संपत्ति सरकारी बैंकों को ट्रांसफर कर दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि विजय माल्या और पीएनबी बैंक धोखाधड़ी मामलों में बैंकों की 40 फीसदी राशि पीएमएलए के तहत जब्त किए गए शेयरों की बिक्री के जरिए वसूली गई। ईडी द्वारा जारी किए गए बयान के मुताबिक



पीएमएलए के तहत विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के मामले में न केवल 18,170.02 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की, बल्कि 9371.17 करोड़ रुपये की कुर्की, जब्त संपत्ति का एक हिस्सा भी पीएसबी और केंद्र सरकार को ट्रांसफर कर दिया गया है। इस समय विजय माल्या लंदन में, नीरव मोदी लंदन की जेल में और मेहुल चोकसी को डोमिनिका में गिरफ्तार किया गया है। तीनों को भारत लाने के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध यूके और एंटीगुआ-बारबूडा भेजा जा चुका है। माल्या को यूके सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की अनुमति नहीं मिली है, जिसके कारण वह बहुत जल्द भारत लाया जाएगा। बैंक अब तक इन तीनों से 1357 करोड़ रुपए पहले ही रिकवर कर चुका है। 8441.5 करोड़ ईडी की तरफ से ट्रांसफर किए जाने के बाद बैंकों की कुल रिकवरी 9041.5 करोड़ रुपए हो जाती है। इसके अलावा 329.67 करोड़ की संपत्ति और सीज की गई है। इस तरह यह आंकड़ा बढ़कर 9371.17 करोड़ का हो जाता है।

# नैनो न्यूज

## 26 जून को आयोजित होगा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,श्योपुर का रक्तदान शिविर

**विनोद पाठक ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**श्योपुर।** विभूति तिवारी जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,श्योपुर द्वारा जारी प्रेस नोट के माध्यम से बताया गया कि म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 26.06.2021 (शनिवार) को प्रातः 10ः00 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के तत्वाधान से जिला चिकित्सालय, श्योपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर का ऑनलाईन शुभारम्भ माननीय कार्यपालक अध्यक्ष महोदय, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा किया जाएगा।

## रेलवे ट्रैक पर रखे पत्थर से टकराई ट्रेन, हो सकता था हादसा

**भोपाल।** शरारती तत्वों ने एक बार पुनः रेलवे ट्रेक पर पत्थर रखकर सैकडों रेल यात्रियों की जान जोखिम में डालने का काम किया है। अज्ञात बदमाशों ने मंडी बामोरा के पास रेलवे ट्रेक पर पत्थर रख दियि, जिससे सुल्तानपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जा रही स्पेशल ट्रेन (02144) टकरा गई। घटना भोपाल से बीना के बीच मंडी बामोरा के पास दोपहर 3ः30 बजे की है। हालांकि इससे ट्रेन को कोई नुकसान नहीं हुआ। ट्रेन के लोको पायलट ने भोपाल पहुंचकर आरपीएफ को घटना की जानकारी दी है। अब आरपीएफ इसकी जांच में जुट गई है। बता दें कि बीते दो महीने में यह तीसरी ट्रेन है, जो ट्रैक पर रखे पत्थर या फिर लोहे की किसी वस्तु से टकराई है। जानकार शरारती तत्वों की इन हरकतों के कारण कभी भी बड़ा रेल हादसा होने की आशंका जता रहे हैं। साथ ही ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए कदम उठाने की बात कह रहे हैं। दरअसल, मंडल से गुजर रहे रेलवे ट्रैक पर शरारती तत्वों की नजर पड़ गई है। ये ट्रैक पर लोहा या पत्थर रख देते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले मिसरोद में शरारती तत्वों ने ट्रैक पर पत्थर रख दिया गया था, जिससे तेज गति से भोपाल आ रही एक ट्रेन टकरा गई थी। तब भी इंजन में खराबी आई थी और मुंबई-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर पौन घंटे यातायात प्रभावित रहा था।बीते शनिवार भी रात 11 बजे पुल बोगदा क्षेत्र में तीसरी रेल लाइन पर किसी ने लोहे का एक बड़ा टुकड़ा रख दिया था, जो रेल इंजन से टकरा गया था। इस कारण उसमें खराबी भी आई थी। मंगलवार शाम तक इन शरारती तत्वों का सुराग नहीं लग सका है।

## दो महीने में एयर ट्रैफिक पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद

**भोपाल।** प्रदेश् में जारी कोरोना लॉकडाउन के कारण दो महीने से बंद पडा एयर ट्रैफिक अब पुनः सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। यात्रियों की मांग को देखते हुए राजधानी से बंद हो चुकी उड़ानें फिर शुरू होंगी। यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। कोरोना संकट के कारण हवाई यातायात 80 फीसद तक कम हो गया था। संकट से पहले भोपाल से 15 जोड़ी उड़ानों का संचालन हो रहा था। अप्रैल-मई माह में कई बार ऐसे अवसर आए जब एक भी उड़ान का संचालन नहीं हुआ। वर्तमान में औसत पांच उड़ानों का संचालन हो रहा है। जुलाई माह में दिल्ली, मुंबई रूट पर उड़ानें बढ़ जाएंगी। इंडिगो ने अपनी बंगलुरू उड़ान दो जुलाई से शुरू करने की तैयारी की है। यह उड़ान शनिवार को छोड़कर सप्ताह के बाकी छह दिन संचालित होगी। उड़ान संख्या 6-ई 575 भोपाल से शाम सात बजे रवाना होकर रात्रि 9.05 बजे बंगलुरू पहुंचेगी।एयर इंडिया अपनी पुणे उड़ान को एक अगस्त से फिर शुरू कर रहा है। कंपनी ने इसकी बुकिंग भी प्रारंभ कर दी है। उड़ान संख्या एआई 481 भोपाल से सुबह 10.45 बजे टेकऑफ होगी। दोपहर 12.45 बजे पुणे पहुंचेगी। जुलाई के अंत तक एयर इंडिया दिल्ली, मुंबई रूट पर अतिरिक्त उड़ान शुरू कर सकता है। इंडिगो की अहमदाबाद, आगरा, लखनऊ एवं कोलकात्ता उड़ान अगस्त माह तक शुरू हो सकती है।

## महिला कस्टडी ऑफिसर पर 15 वर्षीय लड़के के यौन शोषण का आरोप

**लंदन (ए)।** ब्रिटेन में एक महिला कस्टडी ऑफिसर को 15 वर्षीय लड़के यौन शोषण का दोषी पाया गया है। महिला पर आरोप था कि उसने अपनी देखभाल में भेजे गए बच्चे के साथ अनुचित संबंध बनाए और उसे आपत्तिजनक मैसेज भेजे। पुलिस द्वारा पेश किए गए सबूतों के आधार पर अदालत ने महिला को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया है। 26 वर्षीय कस्टडी ऑफिसर एशले राइट ने दिसंबर 2018 से जून 2019 के बीच इस घटना को अंजाम दिया था। जानकारी के मुताबिक पीड़ित को मिल्टन कीन्स सिक्योर ट्रेनिंग फैसिलिटी भेजा गया था। कस्टडी ऑफिसर एशले राइट यहीं काम करती थी और इसी दौरान वह पीड़ित लड़के के संपर्क में आई। मामले की जांच के दौरान पुलिस को ऐसे कई मैसेज मिले, जिसमें एशले राइट ने आपत्तिजनक बातें लिखी हुई थीं।

# डेंगू - लार्वा और मलेरिया का सर्वे जारी

## 998 घरों का सर्वे - लार्वा को टेमोफॉस डाल कर नष्ट किया गया

## जिले में 533 लोगों की मलेरिया जांच की गई





**भोपाल।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों, अति संवेदनशील क्षेत्रों, स्लम एरिया और अन्य बस्तियों में डेंगू लार्वा, मलेरिया, रैपिड टेस्ट, ब्लड स्लाइड कलेक्शन और कोरोना से बचाव की जानकारी आदि का कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने बताया कि मलेरिया की रोकथाम के लिए विभिन्न क्षेत्रों में दल नियुक्त कर अभियान चलाया जा रहा है। भोपाल जिले में 533 लोगों की रेपिड टेस्ट से मलेरिया की जाँच की गई। जिनमें भोपाल शहर में 414 और बैरसिया में 43 से अधिक लोगों की मलेरिया जांच के लिए नमूने लिए गए। सभी जोन की टीमों द्वारा भोपाल शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में वाहक जनित रोगों के नियंत्रण हेतु फीवर सर्वे, रक्तपट्टी संग्रह, लार्वा सर्वे, लार्वा विनिष्टिकरण एवं प्रचार प्रसार किया गय। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे के निर्देशन में मलेरिया विभाग और एम्बेड टीम फैमिली हेल्थ इंडिया के द्वारा संयुक्त रूप से विजिट की जिसमे एसओएस बाल ग्राम खजूरी कलां में मलेरिया विभाग के द्वारा प्रत्यके घर मे कूलर को चेक किया साथ ही कंटेनर, पक्षियों को पानी पीने के स्थान को देखा एवं पानी को खाली कराया गया।

इस दौरान टीम के द्वारा बालग्राम में गंबूझिया मछली डाली गई तथा संस्था के प्रमुख दीपक सक्सेना से सभी कूलर का हर सप्ताह खाली कराने हेतु कहा। इस दौरान टीम के द्वारा सभी बच्चों की मलेरिया हेतु खून की जांच गई। इस दौरान जिला मलेरिया सलाहकार श्रीमती रुचि सिलाकारी, जिला समन्वयक एम्बेड परियोजना डॉ.संतोष भार्गव, मलेरिया निरीक्षक श्रीमती उर्मिला सिंह के द्वारा शहरी स्वास्थ्य केंद्र पूर्वांचल खजूरी कलां पर भ्रमण किया जहां, एन्टीमलेरियल दवाओं की उपलब्धता एवं नियमित जांच हेतु बात कही, इस दौरान लैब तकनीशियन प्रह्लाद सिंह को समस्त रिकॉर्ड संधारण करने हेतु जिला सलाहकार द्वारा निर्देशित किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू के लार्वा के लिए 31 टीमों का दल नियुक्त किया गया है जिनके द्वारा 998 घरों का सर्वे कर किया गया और 74 घरों में लार्वा पाया गया।

# गायब हुआ कोरोना संक्रमण का डर, लोग हुए लापरवाह

## राजधानी के बाजारों में भीड़ के साथ लापरवाही भी बढ़ी

**भोपाल।** राजधानी के अनलॉक होते ही लोगों के मन से कोरोना संक्रमण का डर गायब हो गया है। बाजारों में बगैर मास्क और सोशल डिस्टेंस के घूम रही भीड देख कर तो यही अंदाजा लगाया जा सकता है। कोरोना की दूसरी लहर की भयावहता का गवाह बना शहर कोरोना



संक्रमण के खतरे के प्रति एक बार फिर लापरवाह होने लगा है। विशेषकर पुराने शहर के बाजारों में न तो तय शारीरिक दूरी का पालन हो पा रहा है, न ही लोग अनिवार्य रूप से मास्क लगा रहे हैं। यदि हालात नहीं सुधरे तो एक बार फिर संक्रमण फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता। लॉकडाउन खुलने के एक-दो दिन तक शहर के बाजारों में प्रशासन की सख्ती नजर आई थी। इसके बाद बाजार फिर पुराने ढर्रे पर चल पड़े हैं। मंगलवारा, मारवाड़ी रोड, आजाद मार्केट, जुमेराती, सिंधी मार्केट, हनुमानगंज, पुराना कबाड़खाना, लखेरापुरा, इब्राहिमपुरा, चौक बाजार आदि में दुकानें खुलते ही चहल-पहल बढ़ना शुरू हो जाती है। शाम के वक्त कोविड गाइडलाइन के नियम धरे रह जाते हैं। विशेषकर इन सघन बाजारों में पार्किंग का इंतजाम न होने और अतिक्रमण के कारण तय शारीरिक दूरी का पालन कहीं नजर नहीं आता। निगरानी नहीं होने के कारण मास्क लगाने के प्रति भी लोग लापरवाह नजर आते हैं। भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महासचिव अनुपम अग्रवाल कहते हैं कि कोरोना संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है। यह बात लोगों को लगातार बताई जा रही है। इसके बाद भी ग्राहक लापरवाही कर रहे हैं। दरअसल पुराने शहर के बाजारों की सड़कें संकरी हैं। व्यवस्थित पार्किंग नहीं है। इससे अक्सर जाम की स्थिति भी बनती है। ऐसी स्थिति में तय शारीरिक दूरी के मापदंड का पालन होना संभव नहीं दिख रहा। महासंघ ने व्यापारियों से भी अपील की है कि वे बिना मास्क पहने आए ग्राहकों से लेन-देन न करें। सराफा व्यापारी दिनेश अग्रवाल दादा भाई ने बताया कि चौक बाजार की सड़कें इतनी संकरी हैं कि चार पहिया वाहन प्रवेश नहीं कर पाते। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण व्यापारी, दुकान के कर्मचारी और ग्राहकों के दोपहिया वाहन सड़क किनारे खड़े किए जाते हैं। इससे अव्यवस्था फैल रही है।

# प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में नहीं हो रही अपेक्षित बरसात

## वर्तमान में तेज बौछारें पड़ने के आसार नहीं, बढ़ेगी उमस

**भोपाल।** प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में अपेक्षित बरसात नहीं हो रही है। मानसून की वर्तमान ?स्थिति को देखते हुए अभी तेज बौछारें पडने के आसार नहीं है। बरसात नहीं होने से उमस भी बढेगी। मध्य प्रदेश में दो दिन पहले दक्षिण-पश्चिम मानसून छा चुका है, लेकिन झमाझम बा?रिश नहीं हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में कोई प्रभावी वेदर सिस्टम मौजूद नहीं है। इस वजह से मानसून प्रदेश में शिथिल पड़ गया है। हालांकि वातावरण में कुछ नमी बरकरार रहने के कारण कहीं-कहीं दोपहर के बाद गरज-चमक के साथ हल?की बौछारें पड़ जाती हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि नमी कम होने के कारण आसमान साफ होने लगा है। इससे धूप निकलते लगी है और अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है। साहा ने बताया कि वर्तमान में मानसून ट्रफ भी उत्तरी पंजाब से हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार से होकर बंगाल की खाड़ी पर बना हुआ है। मानसून ट्रफ के काफी ऊंचाई की तरफ खिसक जाने के कारण भी मध्य प्रदेश में बरसात नहीं हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में अभी कोई वेदर सिस्टम मौजूद नहीं है। इस वजह से मानसून को आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिल रही है। इस कारण से मानसून शिथिल बना हुआ है। 24-25 जून को बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने के संकेत मिले हैं। इस सिस्टम के आगे बढ़ने से मानसून को ऊर्जा मिलने की संभावना है। इसके बाद प्रदेश में मानसून के फिर सक्रिय होने के आसार हैं।

# कोरोना कर्फ्यू की तर्ज पर स्कूलों को खोलने की तैयारी

## मप्र में एक जुलाई से खुल सकते हैं स्कूल

**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना कर्फ्यू की तर्ज पर सरकारी स्कूलों को खोलने की तैयारी चल रही है। राज्य सरकार की इस को?शिश में है ?कि आगामी एक जुलाई से प्रदेश के सरकारी स्कूल खुल जाए ता?कि बच्चों की पढाई का नुकसान ना हो। एक जुलाई से पहली कक्षा से हायर सेकंडरी तक स्कूल खोलने की तैयारी चल रही है। सरकार ऐसा फार्मूला तलाश रही है, जो बच्चों को संक्रमण से बचाते हुए स्कूल खोलने में मददगार हो। इसके लिए कोरोना कर्फ्यू का फार्मूला अपनाया जा सकता है। यानी जिस जिले, शहर या गांव में कोरोना संक्रमण होगा वहां स्कूल बंद रहें और बाकी जगह खोले जाएं। ऐसे ही शहर के जिस इलाके में संक्रमण होगा, वहां के स्कूल बंद रहें। यह भी तय होगा कि किस उम्र के बच्चों को कितने समय के लिए स्कूल बुलाया जाए। हालांकि आपदा प्रबंधन समितियों के सुझाव से ही ऐसा हो पाएगा। साथ ही, कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि केजी से हायर सेकंडरी तक प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों में डेढ़ करोड़ विद्यार्थी पढ़ते हैं। प्रदेश में पिछले डेढ़ साल से स्कूल बंद हैं। सिर्फ ऑनलाइन पढ़ाई हो रही है। स्कूल शिक्षा विभाग का मानना है कि बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए यह स्थिति ठीक नहीं है इसलिए स्कूल खोलना जरूरी हो गया है, पर उनकी सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान दिया जाना है। कक्षाओं में सुरक्षित शारीरिक दूरी बनाए रखना बड़ी चुनौती है। सरकार को एक जुलाई से स्कूल खोलना है तो अगले आठ दिन में निर्णय लेना होगा। इसे देखते हुए विभाग स्तर पर ताबड़तोड़ तैयारी चल रही है। शिक्षा क्षेत्र के जानकारों से लगातार बात की जा रही है। स्कूल खोलने का निर्णय लेने में भी सरकार जनभागीदारी को ही महत्व देगी। सरकार जिला, विकास खंड और ग्राम स्तर पर गठित आपदा प्रबंधन समितियों से सलाह लेगी। इसके अलावा बाल विशेषज्ञ (इस क्षेत्र में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाएं, बाल रोग विशेषज्ञ और शिक्षाविद्) की सलाह ली जाएगी। इस बारे में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), इंदरसिंह परमार का कहना है ?कि एक जुलाई से स्कूल खोलने की कोशिश है, पर बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं कर सकते इसलिए सशक्त फार्मूला बना रहे हैं। कोशिश है कि पहली से आठवीं के बच्चों को हफ्ते में एक या दो दिन ही बुलाएं और नौवीं से 12वीं के बच्चों को नियमित न बुलाएं।

# मिशन रोड़ों का है: हरिश सिरवी

**नारायणलाल ब्यूरो चीफ**
**पुष्पाजली टुडे**



**पाली।** आजादी के बाद जो रोड़े कभी नहीं बनी वो अब पुरी होगी। हरिश कुमार सीरवी पंचायत समिति प्रतिनिधी के रूप में शिवपुरा सुरायता ग्राम के विकास के लिए समर्पित है, सिरवी के नेतृत्व मे कई आंदोलन प्रचार प्रसार अभियान पिछले कई सालों से लगातार चल रहा था लेकिन सफलता नहीं मिल रही थीं एक दिन चुनाव के दौरान सोहत विधायक शोभा चौहान ने उनसे वादा किया था कि तुम जीतकर आना तेरे सपनों की रोड़ का इन्तजार खत्म करूंगी कुछ ही दिनो मे सिरवी ने कोंग्रेस के गढ़ में जमकर मेहनत कर ऐतिहासिक जीत हासिल कर विधायक के पास सपना पूरा करने का वादा पूरा करने को बोला। शोभा चौहान ने वादा पूरा करते हैं पांच करोड़ के बजट में से लगभग एक करोड़ रूपए स्वीकृत कर सीरवी को फोन कर बधाई दे दी। सिरवी विधायक महोदय के विश्वास जीतने में कामयाब रहे उन्हे दूसरा तोहफा खामल से भांगेसर रोड़ सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत से बात कर के आजादी के बाद पहली बार रोड़ स्वीकृत की। इस प्रकार सीरवी ने अपने क्षेत्र की दो ऐसे रोड़े स्वीकृत करवाने को सफल रहे जीस रोड़ों को लेकर किसी को उम्मीद भी नहीं थीं। सीरवी से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया की अब अगला मिशन मोडावास सै गागुड़ा के लिए जानलेवा सड़क को बनाना । इसके साथ ही बिलावास से लुंडावास रोड़ जहा पर बारिश के समय जानवर तक नहीं चल सकतें। अंतिम रोड़ न्यू ढाणी से पाली जोधपुर हाईवे रोड की ओर दो किलोमीटर रोड़ स्वीकृत करवाने के लिए कमर कस ली है। सीरवी अपनें क्षेत्र में एक उभरता हुआ चेहरा है। इनके भविश्य को लेकर आमजन मे खुशी कि लहर है।

# भाजपा राष्ट्रीय मंत्री एक दिवसीय प्रवास पर पाली आज आएगी

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**पाली ।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर एक दिवसीय प्रवास पर पाली आएगी ।

भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिलोकराम चौधरी व जिला मीडिया प्रभारी गिरीश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष मंशाराम परमार के नेतृत्व में 12 बजे भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अल्कासिंह गुर्जर का पाली के पुराना रोटरी क्लब में आगमन पर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा । गुरुवार को पाली के रोटरी क्लब में 4 सत्र में विभिन्न प्रकार से बैठके आयोजित की जाएगी जिसमें जिला पदाधिकारी, जिले के समस्त जनप्रतिनिधियोंगण, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठके आयोजित कर परिचय व आगामी आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श कर दिशा निर्देश देते हुए जिलाध्यक्ष द्वारा जिला स्तर, मंडल स्तर,शक्तिकेन्द्र व बूथ स्तर तक अनेकों प्रकार से किये गए कार्यो पर जानकारीया दी जाएगी संगठनात्मक मीटिंग के साथ-साथ प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर भी चर्चा करेंगे वर्तमान राज्य सरकार की कानून व्यवस्था पूरी तरीके से फेल हो गयी तथा महिलाओं पर अत्याचार बहुत बढ़ गए हैं ।

# कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर मोदी सरकार ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार किया अजय सिंह भदौरिया

**संतोष सिंह भदौरिया**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अबसर पर भाजपा मंडल गोरमी द्वारा 64 पोलिंग बूथों पर एक साथ बृक्षारोपण कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया गया।मुख्य कार्यक्रम ग्राम कल्याण पूरा के कटारे फार्म हाउस पर आयोजित किया गया जहाँ पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राकेश शुक्ला एबम बिसेष अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया पूर्व मंडल अध्यक्ष गोकुल सिंह परमार एबम अध्यक्षता



मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की। बैठक के प्रारम्भ में सभी अतिथियों ने महान शिक्षाविद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यर्पण कर उनको नमन किया।इसके बाद मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने अतिथियों का स्वागत किया। एबम स्वागत भाषण दिया। ।इस अबसर पर बिसेष अतिथि के रूप में मौजूद किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया ने डॉ मुखर्जी के जन्म से बलिदान तक कि यात्रा का विस्तार से बताया और आगे कहाँ की डॉ मुखर्जी हमेसा कहते थे एक देश मे दो प्रधान दो विधान दो निशान नही चलेंगे आज उनका सपना मोदी जी कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति कर पूरा कर दिया हम सब कार्यकर्ताओ के लिये भी बो खुसी का क्षण था। कार्यक्रम की समाप्ति पर कटारे फार्म हाउस पर एक दर्जन पौधों का रोपण किया गया और ये प्रण लिया गया कि इन पौधों को कार्यकर्ता अपने पुत्रों की तरह देखभाल करेंगे।बैठक का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया अंत मे आभार प्रगट बरिष्ठ नेता श्रीकृष्ण कटारे ने किया।

# नगरीय निकायों और पंचायतों को शत-प्रतिशत वैक्सीनेट करने का अभियान

**(भोपाल के कमिश्नर ने कलेक्टर्स के साथ बनाई रणनीति)**

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

**भोपाल(पुष्पांजली टुडे)।** संभाग के जिलों में अब नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों को लक्ष्य बनाकर शत प्रतिशत वैक्सीनेशन अभियान चलाया जाएगा । संभागायुक्त कवीन्द्र कियावत ने मंगलवार को संभाग के सभी कलेक्टर्स के साथ बैठक कर उपलब्ध वैक्सीन के आधार पर टीकाकरण का कवरेज उन क्षेत्रों में पहले करने का निर्णय लिया है जहां 70 प्रतिशत के आसपास टीकाकरण हो गया है ।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में कमिश्नर श्री कियावत ने वैक्सीनेशन महाअभियान में भोपाल संभाग को अर्जित हुई उपलब्धि के लिए सभी जिला कलेक्टर और उनकी टीम की सराहना करते हुए बधाई दी । उन्होंने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे उपलब्ध वैक्सीन के आधार पर प्लानिंग करें और ग्राम पंचायतों, नगर पंचायत, जनपद पंचायत, और नगर पालिका को चिन्हित करें और वहां पर शत-प्रतिशत वैक्सीन सुनिश्चित करें । श्री कियावत ने बताया कि महाअभियान में हुए कुल वैक्सीन में भोपाल संभाग की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत के आसपास है । बैठक में



भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया ने बताया कि लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायत चिन्हित हुई हैं जहां 80 प्रतिशत टीकाकरण हुआ है । ऐसी पंचायतों में इस सप्ताह विशेष शिविर लगाकर पंचायतों को शत-प्रतिशत वैक्सीनेट किए जाने पर फोकस किया जाएगा । उन्होंने बताया कि जिले की एकमात्र नगर पंचायत बैरसिया को भी शत-प्रतिशत वैक्सीनेट करने की कार्य योजना बनाई गई है और यहां लगातार शिविर लगाकर शत-प्रतिशत वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है ।

राजगढ़ कलेक्टरने बताया कि राजगढ़ जिला मुख्यालय के अलावा दो को छोड़कर शेष सभी नगर पंचायतों में लगभग 4 से 5 हजार व्यक्ति ही वैक्सीनेट के लिए रह गए हैं और उनका प्रयास है कि अगले दो दिन में जिला मुख्यालय राजगढ़ और उक्त नगरीय निकाय शत प्रतिशत वैक्सीनेट हो जायेंगे । उन्होंने बताया कि नरसिंहगढ़ और सारंगपुर में अपेक्षाकृत वैक्सीनेशन कम हुआ है और अगले दौर में इन दोनों क्षेत्र पर ही फोकस किया जाएगा । उन्होंने कहा कि उक्त के अलावा इसी सप्ताह 30 ग्राम पंचायतों को भी शत प्रतिशत वैक्सीनेट की परिधि में लाया जाएगा ।

सीहोर कलेक्टर ने कहा कि उनके जिले में छोटी नगर पंचायत के अलावा सीहोर- आष्टा और बुधनी पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की कार्य योजना बनाई गई है । उन्होंने बताया कि कम आबादी वाली पंचायतों में शत प्रतिशत वैक्सीन के लिए रणनीति बनाकर काम प्रारंभ किया गया है । विदिशा कलेक्टर ने भी बताया कि समाज के सभी वर्गों में आई चेतना के चलते जिले में आधा दर्जन नगर पंचायतों और जनपदों में प्रयास प्रारंभ किए गए हैं ।

रायसेन कलेक्टर ने बताया कि गैरतगंज जनपद पंचायत को शत प्रतिशत वैक्सीनेशन वाला क्षेत्र बनाने का अभियान प्रारंभ किया गया है । उन्होंने बताया कि मंडीदीप में इसी रणनीति के चलते सोमवार को 10 हजार से अधिक व्यक्तियों को टीका लगाया गया है । कलेक्टर ने बताया कि उदयपुरा, सिलवानी, सुल्तानपुर और सांची नगर पंचायत में उपलब्ध वैक्सीन का उपयोग कर शत प्रतिशत वैक्सीन वाली पंचायत का जल्दी ही दर्जा मिलेगा ।बैठक में रणनीति पर विस्तार से चर्चा भी हुई ।

# सेवादल की दो दिवसीय बैठक संपन्न

**बिना सेवादल में ट्रेनिंग लिए कोई भी व्यक्ति संगठन में पदाधिकारी नहीं बनेगा- अजय कुमार लल्लू**

**पुष्पाजली टुडे न्यूज़**
**8269307478**




**लखनऊ-** उत्तरप्रदेश कांग्रेस सेवादल की दो दिवसीय बैठक लखनऊ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय मे संपन्न हुई जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि अब प्रदेश कांग्रेस मे बिना सेवादल का प्रशिक्षण लिये कोई पदाधिकारी नहीं बनेगा जिले मे कांग्रेस के किसी भी कार्यक्रम का आयोजन सेवादल की अगुवाई में होगा अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने कहा कि सेवादल कार्यकर्ता करेगा चुनाव मे प्रत्याशी का चयन द्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने कहा सेवादल के जो कार्यकर्ता चुनाव लड़ना चाहते हैं वह अभी से तैयारी करें प्रदेश के प्रभारी बृजकिशोर शर्मा कल्लू ने कहा कि वह महीने मे बीस दिन तक उत्तरप्रदेश में रहते हुए बूथ स्तर तक संगठन को पहुंचाकर सेवादल के साथियों को चुनावी प्रशिक्षण देकर चुनाव जिताने का काम करेंगे।

## नैनो न्यूज

### महा वैक्सीनेशन अभियान के तहत एमपीसीसीआई में हुआ आज हुआ 981 लोगों का वैक्सीनेशन

**शाम को निकाले गये लक्की ड्रॉ में 7 लोगों ने जीता पुरस्कार**

**ग्वालियर।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) में 6 अप्रैल से अनवरत जारी वैक्सीनेशन शिविर में आज 23 जून को वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत 981 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया एमपीसीसीआई में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर के तहत 21 जून से आगामी 10 दिनों के लिए एमपीसीसीआई द्वारा लक्की ड्रॉ निकाला जा रहा है7 इसी श्रंखला में आज शाम को लक्की ड्रॉ निकाला गया, जिनमें निम्नलिखित 7 लोगों ने पुरस्कार जीता–

1. **लता कुशवाह**-7000991390 2. **भीकम सिंह कुशवाह**-9826576191 3. **साबिर खान**-8120766388 4. **प्रमिला महापात्रा**-8839475694 5. **शिवम सेन**-8959899819 6. **स्वयं सोनी**-7748068055 7. **पर्वत करन**-7602628431

एमपीसीसीआई द्वारा पुरस्कार विजेताओं को फोन के माध्यम से सूचित कर, 24 जून को उन्हें पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आमंत्रित कर, पुरस्कार प्रदान किया जायेगा7 21 जून के विजेताओं को आज शाम लक्की ड्रॉ के बाद पुरस्कार वितरित किये गये7 पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल ने कहा कि आज जिन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया है, उनसे अपील है कि वे अपने परिजनों, रिश्तेदारों व आस-पास के लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें ताकि सभी ग्वालियरवासी वैक्सीनेट हो सकें और हमारा ग्वालियर स्वस्थ एवं सुरक्षित हो सके7 कार्यक्रम का संचालन कर रहे मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि यदि हम सभी मास्क पहनें और वैक्सीन लगवा लें तो निश्?चित ही हम कोरोना को हरा देंगे7 पुरस्कार वितरण समारोह में उपाध्यक्ष-पारस जैन, कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य-अंकुर अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल सदस्य-आशीष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### गांधी नगर में नाला निर्माण में बाधक अतिक्रमण हटाया

**ग्वालियर।** नगर निगम के अमले द्वारा गांधी नगर क्षेत्र में चल रहे नाला निर्माण के कार्य में बाधक स्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। भवन अधिकारी श्री पवन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में शहर में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। गांधाी नगर क्षेत्र में स्थित नाले का निर्माण कार्य चल रहा है, इस नाले में कई लोगों द्वारा दीवार, टीनशेड एवं कमरा आदि का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया था।

# कुत्ते ने भौंका तो सिक्योरिटी गार्ड ने पीट-पीटकर कर दी हत्या फिर राहगीरों ने उसे लात-घूंसों से मारा

**ग्वालियर।** ग्वालियर के पॉश इलाके में सिक्योरिटी गार्ड ने एक बेजुबान की जान ले ली। वह डॉग के भौंकने से नाराज था। उसने डॉग को डंडे से पीट-पीटकर बेरहमी से मार डाला। इतना ही नहीं गार्ड डॉग के शव को झाड़ियों में फेंक आया। घटना का पता लगा तो पेट्स लवर्स ने पहले पूरी घटना का ष्टष्ट्ञ्ङ्क फुटेज निकाला फिर झांसी रोड थाना में मामले की शिकायत की।

जब सिक्योरिटी गार्ड को पुलिस थाना लेकर पहुंची तो पेट्स लवर्स ने पुलिस के सामने थाने में घुसकर आरोपी की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। डॉग की हत्या और थाने में आरोपी से मारपीट के वीडियो बुधवार सुबह से सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। दरअसल, हरिशंकर पुरम इलाके में तैनात सिक्योरिटी गार्ड संजय वर्मा को कॉलोनी के एक डॉग का बार-बार उसकी तरफ गुर्राना और भौंकना पसंद नहीं था।





मंगलवार शाम को जब संजय कॉलोनी में पहुंचा तो छोटे से डॉग ने उस पर भौंकना शुरू कर दिया। इस पर उसने वहीं खड़ी एक महिला से डंडा लिया और डॉगी पर टूट पड़ा। उसने उसके मुंह में कई बार डंडे मारे, जिससे उसने तड़पते हुए वहीं दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी ने डॉग को पैर से पकड़कर टांगा और झाड़ियों में फेंक आया।

**CCTV कैमरे में कैद हुई घटना:** घटना की जानकारी मिलते ही पेट्स लवर्स मौके पर पहुंचे, घटना स्थल के पास लगे ष्टष्ट्ञ्ङ्क कैमरे से फुटेज निकलवाए। ष्टष्ट्ञ्ङ्क फुटेज में गार्ड संजय बेजुबान को डंडे से पीटते हुए नजर आ रहा था। इसके बाद पेट्स लवर्स झांसी रोड थाने पहुंचे और आरोपी गार्ड संजय के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी संजय को थाने बुलाया।

**थाने में पेट्स लवर्स ने आरोपी को पीटा:** इसी दौरान जब आरोपी गार्ड संजय थाने पहुंचा तो पेट्स लवर्स का गुस्सा फूट पडा। पेट्स लवर्स युवक-युवतियों ने आरोपी संजय को पीटना शुरू कर दिया। उसे चांटे, चप्पल व लात-घूंसे से पीटा। आरोपी को पिटता देख झांसी रोड थाने के सिपाही बचाने दौड़े। किसी तरह आरोपी को पुलिस ने गुस्साए लोगों के कब्जे से बाहर निकाला और अपने कब्जे में लेकर थाने के अंदर पहुंचाया।

### इलाज के दौरान नवजात ने दम तोड़ा पिता ने नाले में फेंक दिया शव

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल अंचल के सबसे बड़े अस्पताल जयारोग्य चिकित्सालय स्थित कमलाराजा चिकित्सालय में मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आया। केआरएच के पीआईसीयू में भर्ती सात दिन की नवजात शिशु की 21-22 जून की दरम्यानी रात 3 बजे मौत हो गई। डॉक्टरों ने इसकी जानकारी नवजात के पिता को दी। तो उसने बच्ची के शव को घर ले जाने की बात कही और शव को साथ ले गया। लेकिन उसने शव को घर ले जाने की जगह कमलाराजा चिकित्सालय के सामने स्थित नाले में ले जाकर फेंक दिया। सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच इसका पता चला जब एक कुत्ता नवजात का शव मुंह में दबाकर ले जाता हुआ वहां मौजूद लोगों को दिखा। लोगों ने कुत्ते को भगाने का प्रयास किया तो वह शव छोड़कर भाग गया।

# एक पिन से बैंक को लगाया 1.59 लाख का चूना: 12 कार्ड से किया ट्रांजेक्शन

**ग्वालियर।** ग्वालियर में बदमाश ने SBI के ATM से छेड़छाड़ कर 1.59 लाख रुपए निकाल लिए। तरीका भी ऐसा कि बैंक को पता लगाने में 7 दिन लगे। बदमाश ने न तो ATM कार्ड बदला और न ही OTP पूछा। उसने ञ्ञ्रू बूथ में जाकर ATM कार्ड लगाया। कैश निकालने के लिए प्रोसेस की। जब रुपए निकलने वाले थे, तभी कैश ट्रे के शटर को पिन से अटका दिया।



5 सेकेंड बाद शटर को खोलकर उसमें आए रुपए उठा लिए। इससे बैंक में ट्रांजैक्शन फेल हो गया, लेकिन ठग के पास पैसा आ गया। इस तरह 12 कार्ड की मदद से बदमाश ने 1.59 लाख रुपए निकाल लिए। घटना 16 जून 2021 सिटी सेंटर की है। बैंक प्रबंधन की शिकायत पर क्राइम ब्रांच थाना में FIR दर्ज कर ली गई है।

शहर के सिटी सेंटर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाहर ATM बूथ है। बैंक के बाहर है इसलिए इसमें ADWM (ऑटोमेटिक डिपोजिट विड्रॉल मशीन) लगी है। इससे ATM के जरिए कैश निकाल सकते हैं। साथ ही, जमा भी कर सकते हैं। एक दिन पहले बैंक में वीकली ऑडिट के दौरान पता लगा कि 1 लाख 59 हजार 500 रुपए का हिसाब गड़बड़ है। जब उसकी सभी एंट्री व कम्प्यूटर सिस्टम से मैच किए, तो पता लगा कि ATM के जरिए कैश निकला है। इसके बाद वरिष्ठ अफसरों को सूचना दी। साथ ही, बैंक की टैक्निकल टीम को भी बुलवाया। जांच की तो पता चला कि बदमाशों ने मशीन से छेड़छाड़ कर रुपए निकाले हैं। पता चलते ही शिकायत एसपी से की। मामले की जांच एसपी अमित सांघी ने क्राइम ब्रांच को सौंपी है। क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर लिया है।

**ठगी का नया तरीका:** जब मामले की जांच की और CCTV के फुटेज देखे, तो ठगी का नया तरीका सामने आया। क्राइम ब्रांच सब इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र शर्मा ने मामले को ऐसे समझाया। बदमाश ने ATM बूथ पर पहुंचकर एक कार्ड मशीन में लगाया। साथ ही, कार्ड की कैश लिमिट के हिसाब से कैश निकालने प्रोसेस की। जैसे ही, 10 हजार रुपए निकालने के लिए उसने प्रोसेस की। जब रुपए निकलने वाले थे, तभी ठग ने कैश ट्रे की शटर पर पिन या चाबी लगाकर शटर को बंद कर दिया। कैश आया। तीन बार शटर से टकराने के बाद वहीं ट्रे में अंदर पड़ा रहा। यहां 20 सेकंड तक कैश रखा रहता है। उसके बाद वापस मशीन में चला जाता है। कुछ देर बाद ठग ने शटर से पिन हटाई। अंदर रखे कैश में से 9 हजार रुपए उठा लिए। 20 सेकेंड का समय पूरा होने के बाद ट्रे में रखा शेष कैश (1000 रुपए) कैश वापस मशीन में चला गया। ठग ने पूरा कैश इसलिए नहीं उठाया कि कुछ रुपए वापस जाने पर बैंक रिकॉर्ड में ट्रांजैक्शन फेल बताएगा। जिस खाते से ATM लिंक है, उससे कैश भी नहीं कटेगा, जबकि बैंक के खाते से रकम कम हो जाएगी।

#### CCTV कैमरे में दिखा हुलिया

बैंक ने जब CCTV फुटेज निकलवाए, तो उसमें एक युवक 16 जून शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक वारदात को अंजाम देता दिख रहा है। वह मुंह पर मास्क पहने है।

### स्कूल बिल्डिंग के लिए कमजोर फाउंडेशन पर खड़े कर दिए पिलर

**ग्वालियर।** सर्वशिक्षा अभियान के तहत बन रहे स्कूल भवनों के निर्माण में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। ठेकेदार ने निम्बाजी की खोह और पागनवीसी शासकीय स्कूल के भवन का स्ट्रेक्चर खड़ा तो कर दिया। लेकिन इसके लिए फाउंडेशन (नींव) का काम काफी कमजोर रखा है। मुनाफा ज्यादा कमाने के चक्कर में ठेकेदार ने कई पिलर बिना पुटिंग के ही खड़े कर दिए हैं और ये मनमानी भविष्य में भवन को धराशायी भी कर सकती है। जिससे बच्चों की जान खतरे में रहेगी। विधायक प्रवीण पाठक ने मंगलवार को निरीक्षण में ठेकेदार और अधिकारियों की ये गलती पकड़ी। पाठक ने बताया कि कई पिलर बिना फाउंडेशन पुटिंग के ही खड़े किए गए हैं। इसे सुधारने के लिए ठेकेदार से कहा है और अधिकारियों को भी बता दिया है। जो भवन बन रहे हैं उनके पिलर का मटेरियल अभी से झड़ रहा है और बाकी निर्माण भी काफी कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के बाद ठेकेदार व अधिकारियों की पोल खुली है। इसको लेकर मैं सीएम तक शिकायत भी करुंगा। ये बच्चों की जान से खिलवाड़ है।






# दिन में भागा बंदी, रात को थाने पहुंची पुलिस

### मासूम सा दिखने वाला नाबालिग बंदी पुलिस को दे गया चकमा, जवान बाहर खड़े रहे वह टॉयलेट की खिड़की से कूदकर भाग गया

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक बार फिर पुलिस को चकमा देकर अस्पताल के बंदी वार्ड से एक नाबालिग बंदी भाग गया। बीमारी के चलते मुरैना से मंगलवार सुबह बंदी को ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस जवान टॉयलेट के बाहर खड़े रहे और बंदी खिड़की का कांच निकालकर भाग गया। उस पर निगरानी के लिए तैनात पुलिसकर्मियों ने पहले तो अस्पताल के आस-पास उसे तलाश किया। जब कहीं नहीं मिला तो अपने अधिकारियों को बताया। घटना मंगलवार दिन की है, लेकिन मुरैना पुलिस के जवान रात को कंपू थाने पहुंचे और सूचना दी। पुलिस ने अभिरक्षा से भागने की FIR दर्ज कर ली है। मंगलवार सुबह मुरैना पुलिस बाल सुधार गृह में चोरी के मामले में बंद 17 वर्षीय राज (बदला हुआ नाम) को इलाज के लिए लेकर ग्वालियर के JAH (जयारोग्य अस्पताल) पहुंची थी। बंदी की हालत खराब थी। उसे बुखार, उल्टी हो रही थी। यहां उसे जेल वार्ड में भर्ती कराया गया था। मंगलवार दोपहर 3 बजे के लगभग बंदी टॉयलेट गया। उसकी सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मी बाहर खड़े निगरानी करते रहे। पर जब काफी देर तक बंदी टॉयलेट से बाहर नहीं निकला तो पुलिस कर्मियों को संदेह हुआ। उन्होंने पास जाकर देखा तो टॉयलेट में अंदर कोई नहीं था। उसकी टॉयलेट की खिड़की का कांच हटाकर बंदी भाग गया था। इसके बाद पुलिस जवानों के होश उड़ गए। तत्काल दोनों ने बंदी की छानबीन शुरू की। पुलिस जवानों ने उसे JAH से लेकर बस स्टैंड तक तलाश किया, लेकिन कहीं नहीं मिला। इसके बाद शाम को पुलिस कर्मियों ने मुरैना जिले के RI (रक्षित निरीक्षक) को सूचना दी। उन्होंने तत्काल कंपू थाना जाने के लिए कहा। रात करीब 10 बजे पुलिस जवान कंपू थाना पहुंचे और बंदी के भागने की सूचना दी। इसके बाद ग्वालियर पुलिस को पता लगा कि बंदी भाग गया है। पुलिस ने छानबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। कंपू पुलिस ने मामला दर्ज कर बंदी की तलाश शुरू कर दी है।



#### कंपू थाने से भागे वारंटी का अभी तक कोई सुराग नहीं

अभी कुछ दिन पहले ही कंपू थाने से एक वारंटी भी भाग गया था। जिसका अभी तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है। बताया जाता है कि वारंटी को आबकारी के मामले मे पुलिस ने पकड़ा था। रातभर हवालात में रखा। सुबह उसे टॉयलेट के लिए बाहर निकाला। इसी समय संतरी भी टॉयलेट करने लगा तभी मौका पाकर वारंटी भाग गया था।


PRABAL RAJAWAT
(medicine counselor)
M.9584013254
+Air SON PHARMA
PRASHANT BHADOURIYA
M.8279318693
Patient Home Care Services
we care for you
24 hours healthcare facilities at home Patient and child care taker facilities male and female All nursing care at home Hospital duty SOS .nursing staff available All specialist and consalting at your home Blood urin sample collect your home
Shivendra singh
(Gwalior diagnostic)
M.9713193637
Near madhav plaza lashkar Gwalior 474001

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
MAKE IN INDIA
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO ApprovedNTEGRATED AIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)

SOMYA GROUP सौम्या डिजिटल सर्विसेस
सभी प्रकार के ऑनलाईन कार्य किये जाते है।
आयुष्मान कार्ड | फोटो कॉपी | पेन कार्ड
अर्जेन्ट फोटो | वाहन बीमा | कलर प्रिन्ट
खसरा खतौनी | रेल्वे/बस टिकट | लाईट बिल
कॉलेज / स्कूल फीस | आय प्रमाण | MOBILE/DTH
जीवन प्रमाण पत्र | मूल निवासी | आय/जाति
समग्र आईडी | बिल भुगतान | ड्रायविंग लायसंस
हेल्थ इंस्रोरेन्स | पर्सनल इंस्रोरेन्स | वाहन बीमा
9713253992, 8889981102


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478